# आगरा मंडल (संभाग)
## (Agra Division)

**आगरा मण्डल – 4 जनपद**


आगरा

मथुरा

मैनपुरी

फिरोजाबाद






### आगरा-जनपद

➢ **आगरा की स्थिति (Location of Agra)**
- **मुख्यालय**–आगरा
- **मंडल**–आगरा
- **पूर्व नाम व उपनाम**–ताज नगरी, पेठा नगरी
- **इतिहास-स्थापना**– वर्ष 1504 सिकंदर लोदी ने आगरा शहर की स्थापना की।
- **क्षेत्रफल**– 4041 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-** अक्षांश- 27º 11' उत्तरी
  देशान्तर- 78º0'- 78º2 पूर्वी
- **अवस्थिति-** यमुना नदी के किनारे स्थित है।
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–फिरोजाबाद
  - ⊙ पश्चिम में–राजस्थान
  - ⊙ उत्तर में–मथुरा, हाथरस एवं एटा
  - ⊙ दक्षिण में–राजस्थान एवं मध्य प्रदेश
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-2, NH-3, NH-11, NH-93
- **नदियाँ/नहरें**–यमुना, आगरा नहर
- **झीलें-** कीठम झील
- **ऊर्जा/परियोजनाएँ-**
- **उद्योग-** कृषि संयंत्र कारखाना, लोहे का बाँट, चमड़ा, खेल सामान, मिट्टी खिलौने, बेंत फर्नीचर, बिस्कुट, खाद्य तेल, दरी निर्माण, ब्रुश बनाने का, गलीचा निर्माण, साइकिल, साबुन, टिन के कनस्तर।
- **अभयारण्य/पक्षी विहार-** राष्ट्रीय चम्बल वन्यजीव विहार, सूर सरोवर पक्षी विहार (रामसर स्थल), भालू बचाव केन्द्र।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** चमड़ा उत्पाद
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** लेदर फुटवियर और जलेसर के घुंघुरू घंटी

### आगरा की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–2 (आगरा, फतेहपुरी सीकरी)
- **विधानसभा क्षेत्र**–9 (आगरा कैंट, आगरा नार्थ, आगरा रूरल, आगरा साउथ, बाह, एत्मादपुर, फतेहाबाद, फतेहपुरी सीकरी, खेरागढ़)
- **तहसील**–6 (आगरा, फतेहाबाद, किरावली, खेरागढ़, बाह, एत्मादपुर)
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–15 (अछनेरा, फतेहपुर-सीकरी, अकोला, भिचपुरी, बरौली अहीर, खंदौली, एत्मादपुर, जगनेर, खेरागढ़, सैंया, समशाबाद, फतेहाबाद, पिनाहट, बाह, जैतपुर कलां)
- **कुल ग्राम**–906 (आबाद ग्राम- 893)
- **कुल ग्राम पंचायत**–702
- **नगर निगर**–1 (आगरा)
- **नगर पालिका परिषद**–5 (फतेहपुर सीकरी, शमसाबाद, एत्मादपुर, बाह, अछनेरा)
- **नगर पंचायत**–7 (पिनाहट, फतेहाबाद, किरावली, जगनेर खेरागढ़, दयालबाग, स्वामी बाग)

### आगरा की जनसंख्या (Population of Agra)

- **जनसंख्या–**44,18,797
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–23,64,953
  - ⊙ महिला जनसंख्या–20,53,844
- **शहरी जनसंख्या**–20,24,195 (45.81%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–875
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–72.68%
- **ग्रामीण जनसंख्या**–23,94,602 (54.19%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–863
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–70.60%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–82.84%
    - ⊡ महिला साक्षरता–56.42%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–2.21%
- **साक्षरता दर**–71.58%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–80.62%
  - ⊙ महिला साक्षरता–61.18%
- **जनसंख्या घनत्व**–1094 प्रतिवर्ग किमी.
- **लिंगानुपात**–869
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–22.05%
- **संस्थान-** छत्रपति शिवाजी म्यूजियम, केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल (1961), कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिन्दी तथा भाषा विज्ञान पीठ (1953)
- **शैक्षणिक संस्थान-**
  - ⊙ डॉ भीमराव अम्बेडकर वि.वि (1927)
  - ⊙ दयालबाग एजुकेशलन इंस्टीट्यूट (1981)
  - ⊙ सरोजिनी नायडु मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय (1939)
  - ⊙ नेशनल पैराशूट कॉलेज
  - ⊙ टी.वी. डिमोन्स्ट्रेशन एण्ड ट्रेनिंग सेंटर।
- **उत्सव/मेला-** कैलाश मेला, बटेश्वर पशु मेला (ऊँट मेला), नवरात्रि व गणगौर मेला (सावन के तीसरे सोमवार को), ताज महोत्सव (फरवरी), सुलहकुल महोत्सव (हिन्दू-मुस्लिम एकता), राम बारात उत्सव
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-**ताजमहल, आगरा किला, बुलंद दरवाजा, मुमताज महल, एतमादुद्दौला का मकबरा, जामा मस्जिद, चीनी का रोजा, मेहताब बाग, पालीवाल पार्क (हीवेट पार्क), स्वामी बाग, मरियम मकबरा
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य-** यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल आगरा जनपद के स्मारक (i) ताजमहल (1983), (ii) आगरा का किला (1983), (iii) फतेहपुर सीकरी (1986) हैं।

  ⊙ आगरा जनपद में देश का पहला हैरिटेज पार्क एवं रेल कोच रेस्टोरेंट खोला जाएगा।

  ⊙ आगरा जनपद के 'सींगना कृषि फार्म हाउस में अंतर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र, लीमा की क्षेत्रीय शाखा खोली जाएगी।

## विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. Identify the UNESCO World Heritage sites in Uttar Pradesh:**
**उत्तर प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की पहचान कीजिए:**

**I. Varanasi River-front/वाराणसी रिवर-फ्रंट**
**II. Sarnath/सारनाथ**
**III. Kashi Vishwanath Temple/काशी विश्वनाथ मंदिर**
**IV. Allahabad Fort/इलाहाबाद किला**

**Code:/कोड**

(a) I and II/ I और II
(b) I and IV/I और IV
(c) II and IV/ II और IV
(d) II and III/ II और III
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

*UPSSSC X-Ray Technician 2023 (15/12/2024)*

**Ans. (e) :** यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में भारत के कुल 43 स्थल शामिल है। जिसमें उत्तर प्रदेश की तीन साइट शामिल है- 1. आगरा किला (1983) 2. फतेहपुर सीकरी (1986) और 3. ताजमहल (1983)। इस प्रकार सूची में दिया गया कोई भी विकल्प सहीं नहीं है।

**2. Which Mughal Emperor is credited with founding the city of Fatehpur Sikri in Uttar Pradesh?**
**उत्तर प्रदेश में फतेहपुर सीकरी शहर की स्थापना का श्रेय किस मुगल सम्राट को दिया जाता है?**

(a) Shah Jahan/शाहजहाँ
(b) Akber/अकबर
(c) Babur/बाबर
(d) Aurangzeb/औरंगजेब
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

*UPSSSC X-Ray Technician 2023 (15/12/2024)*

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर सीकरी शहर की स्थापना मुगल बादशाह अकबर ने वर्ष 1571 में की थी। फतेहपुर सीकरी वर्तमान में आगरा जिले में एक नगरपालिका बोर्ड है। यह शहर अकबर के शासन काल में 1571-85 तक मुगल साम्राज्य की राजधानी रही थी।

**3. Which of the following city of Uttar Pradesh has been declared the third best Smart City of India in 2023?**
**उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस शहर को 2023 में भारत का तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट शहर घोषित किया गया है?**

(a) Agra/आगरा (b) Lucknow/लखनऊ
(c) Gaziabad/गाजियाबाद (d) Varanasi/वाराणसी
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Eye Testing Officer 2023 (19/01/2025)***

**Ans. (a):** वर्ष 2023 में आगरा, उत्तर प्रदेश का तीसरा सबसे स्मार्ट शहर था। स्मार्ट शहरों के लिए भी उत्तर प्रदेश को भारत में तीसरा स्थान दिया गया था। स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में आगरा को छह पुरस्कार मिले थे।

**4. Which Gharana is blend of Khayal Gayald and Dhrupad-Dharmar ?**
**कौन-सा घराना ख्याल गायकी और ध्रुपद-धमार का मिश्रण है?**

(a) Rampur Gharana/रामपुर घराना
(b) Atraull Gharana/अतरौली घराना
(c) Kirana Gharana/किराना घराना
(d) Agra Gharana/आगरा घराना
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Assist. Accountant 2024 (05/04/2025)***

**Ans. (d) :** आगरा घराने के गायक 'ख्याल' गायकी के साथ ही ध्रुपद व धमार में भी पारंगत थे। किराना घराना 'हिन्दुस्तानी ख्याल गायकी के लिए, अतरौली घराना ध्रुपद-धमार गायन के लिए,, रामपुर घराना ख्याल गायकी के लिए तथा लखनऊ घराना ख्याल व ध्रुपद गायन के लिए प्रसिद्ध है।

**5. निम्नलिखित में से किस शहर में सेंट्रल फुटवियर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट स्थित है?**

(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) आगरा (d) नोएडा

**ग्राम विकास अधिकारी - 22-12-2018 (shift- I)**

**Ans : (c)** सेंट्रल फुटवियर ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट आगरा (उत्तर प्रदेश) में स्थित है। भारत में स्थित प्रमुख संस्थान एवं उनसे संबंधित शहर अग्रलिखित हैं।

| | |
|---|---|
| (1) केन्द्रीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | – कोयम्बटूर |
| (2) राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान | – पणजी |
| (3) केन्द्रीय वन अनुसंधान संस्थान | – देहरादून |
| (4) केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान | – लखनऊ |
| (5) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान | – नई दिल्ली |
| (6) भारतीय मौसम वेधशाला | – पुणे |
| (7) कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग | – पुणे |
| (8) केन्द्रीय तिब्बती शिक्षण संस्थान | – वाराणसी |

**6. कन्हैयालाल मणिकलाल केन्द्रीय हिन्दी संस्थान स्थित है**

(a) आगरा में (b) बरेली में
(c) गोरखपुर में (d) मेरठ में

**UPPCS (Mains) GS Ist 2012, 2010**

**Ans. (a) :** कन्हैयालाल मणिकलाल केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा में स्थित है। इसकी आधारशिला 14 सितम्बर, 1953 ई. में तत्कालीन गवर्नर कन्हैयालाल मणिकलाल मुंशी द्वारा रखी गयी थी। यह परिसर भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता है। यह हिन्दी भाषा तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**7. उत्तर प्रदेश का एस.एन. मेडिकल कॉलेज कहाँ अवस्थित है?**

(a) आगरा (b) झाँसी (c) लखनऊ (d) कानपुर

**Allahabad High Court ARO 19-12-2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का एस. एन. (सरोजनी नायडू) मेडिकल कालेज आगरा जिले में स्थित है।

**8. फैयाज खान द्वारा स्थापित रंगीला घराना किस स्थान पर स्थित है?**

(a) मथुरा (b) कानपुर
(c) आगरा (d) लखनऊ

**[UPSSSC Lower Mains 21/10/2021 Paper-I]**

**Ans. (c) :** फैयाज खान द्वारा स्थापित रंगीला घराना आगरा से संबंधित है। इतिहासकारों के अनुसार 19वीं शताब्दी में खुदा बख्श ने इस घराने की स्थापना की थी, लेकिन संगीतविदों के मतानुसार इसके संस्थापक हाजी सुजान खान थे। फैयाज खान ने नवीन और गीतात्मक स्पर्श देकर इस घराने को पुनर्जीवित किया, तब से इसका नाम रंगीला घराना पड़ गया। वर्तमान में इस शैली के प्रमुख गायकों में सी.आर.व्यास और विजय किचलू जैसे महान गायक शामिल हैं।

**9. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में प्रति वर्ष बटेश्वर मेला आयोजित किया जाता है?**

(a) कानपुर (b) वाराणसी
(c) मथुरा (d) आगरा

**Lower Exam – 01-10-2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश में हर वर्ष लगभग 2250 मेले लगते हैं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत व समृद्धि को दर्शाता है। बटेश्वर मेला प्रदेश के आगरा जिले में यमुना नदी के किनारे बाबा भोलेनाथ के प्रसिद्ध मंदिर के पास लगता है। आगरा के अन्य प्रमुख मेले जैसे 'सुलह कुल उत्सव' हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है तथा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में ताज महोत्सव का भी आयोजन आगरा में होता है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मेलें मथुरा में तथा सबसे कम मेले पीलीभीत में लगते हैं।

**10. उत्तर प्रदेश में हर साल ताज महोत्सव कहाँ आयोजित किया जाता है?**

(a) कानपुर (b) आगरा
(c) मेरठ (d) मथुरा

**UPSSSC Mandi Parishad 22/05/2022**

**Ans : (b)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

11. **हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक 'सुलह कुल' उत्सव उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाता है –**

(a) मेरठ में (b) अलीगढ़ में
(c) लखनऊ में (d) आगरा में

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Mains) G.S. I$^{st}$ 2009**
**UPPCS (Pre) G.S. 2005**
**Allahabad High Court RO 11--12-2021 Shift-I**

**व्याख्या–** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

12. **अकबर का मकबरा निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?**

(a) एटा (b) रामपुर
(c) उन्नाव (d) सिकंदरा

**UP Police Const. (M/F) 17-02-2024 Shift-I (Cancelled)**

**Ans. (d) :** अकबर का मकबरा सिकंदरा नामक स्थान पर स्थित है। अकबर के मकबरे का निर्माण जहांगीर ने 1605-1613 में मुख्य रूप से गहरे लाल बलुआ पत्थर से करवाया था।

13. **उत्तर प्रदेश में शेख सलीम चिश्ती की 'दरगाह' कहाँ स्थित है?**

(a) लखनऊ (b) फतेहपुर सीकरी
(c) आगरा (d) जौनपुर

**Allahabad High Court RO 07-01-2022 Shift-II**
**UPP Constable 18-06-2018 Shift-I**

**Ans. (b) :** प्रसिद्ध सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी में स्थित है। फतेहपुर सीकरी आगरा जिले का एक शहर है। सम्राट अकबर द्वारा वर्ष 1571 में मुगल साम्राज्य की राजधानी के रूप में इस शहर की स्थापना की गई थी।

14. **ताजमहल उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?**

(a) लखनऊ (b) मथुरा
(c) आगरा (d) अलीगढ़

**Allahabad High Court Group-D 20-01-2019**

**Ans : (c)** ताजमहल उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्थित है। ताजमहल का निर्माण 17वीं शताब्दी में मुगल बादशाह शाहजहाँ द्वारा अपनी बेगम मुमताज महल की याद में करवाया था। इसके स्थापत्य कलाकार उस्ताद अहमद लाहौरी थे। शाहजहाँ के शासनकाल को 'स्थापत्य कला का स्वर्ण युग' कहा जाता है। इनके द्वारा बनवायी गयी प्रमुख इमारतें – दिल्ली का लाल किला, दीवाने आम, दीवाने खास, दिल्ली का जामा मस्जिद, आगरा का मोती मस्जिद लाहौर का किला, शीश महल आदि हैं।

15. **मुगल काल में हिंदू द्वारा निर्मित 'जसवंत सिंह की छत्री' एकमात्र स्मारक है, यह कहाँ पर स्थित है?**

(a) सहारनपुर (b) प्रयागराज
(c) लखनऊ (d) आगरा

**Allahabad High Court RO 07-01-2022 Shift-II**

**Ans. (d) :** मुगल काल में हिंदू द्वारा निर्मित 'जसवंत सिंह की छत्री' एकमात्र स्मारक है, यह आगरा में स्थित है। शाहजहाँ के शासन काल में इसका निर्माण राजा जसवंत सिंह ने करवाया था। यहाँ अमर सिंह के शव के साथ उसकी पत्नी हाड़ा रानी सती हुई थी।

16. **'ताज एक्सप्रेस वे' किन शहरों को जोड़ता है?**

(a) आगरा -लखनऊ (b) आगरा -कन्नौज
(c) आगरा- ग्रेटर नोएडा (d) आगरा- ग्वालियर

**UPP Constable (Pre), 2013**

**Ans : (c)** 'ताज एक्सप्रेस वे' 165.5 किमी. लम्बा 6 लेन वाला मार्ग है जो उत्तर प्रदेश के आगरा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ता है। इसका पुराना नाम 'यमुना एक्सप्रेस वे' था। हाल ही में इसे बढ़ाकर 8 लेन करने का प्रस्ताव जारी हुआ है।

17. **खेरिया विमानपत्तन (हवाई अड्डा) कहाँ है?**

(a) आगरा (b) कानपुर
(c) लखनऊ (d) वाराणसी

**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-I**

**Ans. (a) :**

| **शहर** | | **हवाई अड्डा** |
|---|---|---|
| आगरा | – | खेरिया हवाई अड्डा |
| वाराणसी | – | लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा |
| लखनऊ | – | चौ. चरण सिंह हवाई अड्डा |

18. **राष्ट्रीय चैम्बर ऑफ उद्योग एवं वाणिज्य, उ.प्र. स्थित है-**

(a) कानपुर में (b) लखनऊ में
(c) आगरा में (d) प्रयागराज में

**UPPCS (Mains) GS I$^{st}$ 2017**

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय चैम्बर ऑफ उद्योग एवं वाणिज्य, उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1949 में हुई थी।

19. **उत्तर प्रदेश का राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लि. कहाँ स्थित है?**

(a) आगरा (b) कानपुर
(c) मुरादाबाद (d) गाजियाबाद

**UPPSC RO/ARO (Mains) -2017**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड आगरा में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1974 में हुई थी।

20. **चमड़े के कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला प्रसिद्ध है?**

(a) आगरा (b) मेरठ
(c) झाँसी (d) मथुरा

**Allahabad High Court APS 22-12-2021 Shift-I**

**Ans (a) :** चमड़े के कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश का आगरा जिला प्रसिद्ध है। आगरा शहर, यमुना नदी के किनारे बसा है। यह अपनी कई मुगलकालीन इमारतों के कारण एक प्रमुख स्थल है, विशेषकर ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी ये सभी यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं।

21. **भारतीय पर्यटन के 'स्वर्ण त्रिकोण' में उत्तर प्रदेश का कौन-सा शहर शामिल है ?**

(a) आगरा (b) प्रयागराज (c) मथुरा (d) वाराणसी

**Allahabad High Court ARO 18-12-2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** भारतीय पर्यटन के 'स्वर्ण त्रिकोण' में उत्तर प्रदेश का आगरा शहर शामिल है। आगरा, दिल्ली और जयपुर शहर एक त्रिकोणीय आकार बनाते हैं। यही कारण है कि इसे स्वर्ण त्रिकोण कहा जाता है। यह दौरा दिल्ली से शुरू होता है, फिर आगरा और राजस्थान तक चलता है।

22. **उत्तर प्रदेश में आलू निर्यात जोन स्थित है-**

(a) आगरा में (b) प्रयागराज में
(c) फतेहपुर में (d) कानपुर में

**UP UDA/LDA Spl. (Pre) G.S., 2010**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश सरकार ने आलू के निर्यात के लिए निर्यात जोन की स्थापना की है, इसकी स्थापना आगरा में की गयी है।

# आगरा मण्डल (संभाग)
# (Agra Division)




## फिरोज़ाबाद-जनपद

➢ **फिरोज़ाबाद की स्थिति (Location of Firozabad)**

- **मुख्यालय**–फिरोज़ाबाद
- **मंडल**–आगरा
- **पूर्व नाम व उपनाम**– चंद्रवारनगर (सुहाग नगरी एवं चूड़ी नगरी)
    - ⊙ अकबर के मनसबदार फिरोजशाह ने वर्ष 1566 में अपने नाम पर फिरोजाबाद कर दिया।
    - ⊙ फिरोजाबाद की स्थापना 5 फरवरी, 1989 को।
    - ⊙ आगरा जिले से अलग कर किया गया।
- **क्षेत्रफल**– 2362 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-** अक्षांश विस्तार- 27º 9' से 27º 32' उत्तरी
  देशान्तरीय विस्तार- 78º 23' से 78º 44' पूर्वी
- **अवस्थिति-** यमुना नदी के तट पर
- **सीमा रेखा**
    - ⊙ पूर्व में–इटावा, मैनपुरी
    - ⊙ पश्चिम में–आगरा
    - ⊙ उत्तर में–एटा
    - ⊙ दक्षिण में–आगरा
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-19
- **नदियाँ/नहरें**–यमुना, सिरसा नदी, ऊपरी गंगा नहर, निचली गंगा नहर
- **झीलें-** राजा का ताल
- **उद्योग-** काँच उद्योग, कांच उद्योग, सीसा शिल्पकृति
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** कांच उत्पाद
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** कांच की चूड़िया/कंगन

### फिरोज़ाबाद की प्रशासनिक परिचय

- **लोक सभा- 1**
- **विधान सभा क्षेत्र**–5 (फिरोजाबाद, टूंडला, शिकोहाबाद, जसराना, सिरसागंज)
- **तहसील**–5 (फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, टूंडला, जसराना, सिरसागंज)

- **विकासखंड (ब्लॉक)**–9 (फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, टूंडला, जसराना, एका, नारखी, मदनपुर, ओरांव, हाथवंत)
- **कुल ग्राम**–806 (आबाद ग्राम - 790)
- **कुल ग्राम पंचायत**–570
- **नगर पालिका परिषद**–3 (टूंडला, शिकोहाबाद, सिरसागंज)
- **नगर पंचायत**–3 (एका, जसरना, फरिहा)

## फिरोज़ाबाद की जनसंख्या

- जनसंख्या–24,98,156
  - ⦿ पुरुष जनसंख्या–13,32,046
  - ⦿ महिला जनसंख्या–11,66,110
- शहरी जनसंख्या–8,33,169 (33.35%)
  - ⦿ शहरी लिंगानुपात–893
  - ⦿ शहरी साक्षरता दर–70.60%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–76.51%
    - ⊡ महिला साक्षरता–63.99%
- ग्रामीण जनसंख्या–16,64,987 (66.65%)
  - ⦿ ग्रामीण लिंगानुपात–867
  - ⦿ ग्रामीण साक्षरता दर–72.60%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–82.99%
    - ⊡ महिला साक्षरता–60.58%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–1.25%
- साक्षरता दर–71.92%
  - ⦿ पुरुष साक्षरता–80.82%
  - ⦿ महिला साक्षरता–61.75%
- जनसंख्या घनत्व–1,038
- लिंगानुपात–875
- जनसंख्या दशकीय वृद्धि दर– 19.94
- **संस्थान-**
- **उत्सव/मेला-** सूफी शाह का मेला, वैष्णों देवी मेला, महावीर जन्म, कल्याणक महोत्सव सिरसा गंज, तीज महोत्सव, कंस मेला टूंडला जैन मेला
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** जैन मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, माता टीला, श्री हनुमान मंदिर, चंदवार गेट, कोटला का किला, सूफी साहब मजार, महावृक्ष अजान
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य-** डीप फ्रीज मीट प्लांट (टूंडला)

# विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. उत्तर प्रदेश का कौन-सा नगर 'सुहागनगरी' कहलाता है?**
(a) इटावा
(b) कन्नौज
(c) आगरा
(d) फिरोजाबाद

**UPPSC ACF/RFO (Mains) Ist 2018**
**Lower Exam 01.10.2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का फिरोजाबाद शहर, सुहागनगरी के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहां कांच की चूड़ियों का उद्योग विश्व प्रसिद्ध है। यहां चूड़ियों का काम लगभग 200 वर्षों से होता आ रहा है, यहां के चूड़ी उद्योग से ही अधिकतर लोगों का जीवन-यापन जुड़ा है।

**2. उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला चूड़ियों के लिए प्रसिद्ध है?**
(a) आगरा
(b) कानपुर
(c) लखनऊ
(d) फिरोजाबाद

**Allahabad High Court ARO 20--12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. फिरोजाबाद शहर किसके लिए प्रसिद्ध है?**
(a) चीनी मिट्टी के पात्र
(b) आबनूस का काम
(c) चूड़ियों
(d) लकड़ी का काम

**Allahabad High Court ARO 06-01-2022 Shift-I**
**UP Police Head Opreator 31-01-2024 Shidt-I**
**Lower Exam 01-10-2019 Shift-I**
**UPSSSC Supply Inspector Exam 17-07-2022**
**विधान भवन रक्षक 02-12-2018 Shift-I**


**Ans. (c) :** फिरोजाबाद शहर चूड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। वस्तुतः फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश का एक शहर है जो कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। इसे 'भारत का ग्लास सिटी' भी कहा जाता है।

**4. भारत में कौन-सा शहर काँच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?**
(a) फर्रुखाबाद
(b) फिरोजाबाद
(c) मुरादाबाद
(d) आजमगढ़

**Allahabad High Court ARO 24-02-2019**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

# आगरा मण्डल (संभाग)
# (Agra Division)




## मैनपुरी-जनपद

➢ **मैनपुरी की स्थिति (Location of Mainpuri)**

- **मुख्यालय**–मैनपुरी
- **मंडल**–आगरा
- **पूर्व नाम व उपनाम**–कपूरी नगर
- **इतिहास-स्थापना-** वर्ष 1837 में इटावा जिले को विभाजित करके किया गया।
  - ⊙ यह जनपद प्राचीन काल में महर्षि मयन एवं च्यवन ऋषि की तपोभूमि थी।
  - ⊙ 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में चौहान वंशीय राजा तेज सिंह जूदेव से मैनपुरी किले में रहकर ब्रिटिश सरकार की सेना को पराजित किया था।
  - ⊙ 1526 ई. में बाबर के आक्रमण के बाद यह मुगलों के अधीन आ गया।
  - ⊙ 18 वीं शताब्दी में मराठों का शासन था।
  - ⊙ 1801 ई. में अवध के नवाब सआदत अली खान द्वितीय ने इसे ईस्ट इण्डिया कम्पनी को सौंप दिया।
- **क्षेत्रफल**–2760 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-** अक्षांश 26º 53' से 27º 31' उत्तरी
  देशान्तर 78º 27' से 79º 26' पूर्वी
- **अवस्थिति-** काली नदी
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–फर्रुखाबाद और कन्नौज
  - ⊙ पश्चिम में–फिरोजाबाद
  - ⊙ उत्तर में–एटा
  - ⊙ दक्षिण में–इटावा
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**– NH-91
- **नदियाँ/नहर**–काली नदी, ईसन नदी, ऊपरी गंगा नहर, नरोरा नहर
  **झील-** शालिहोत, सौज झील
- **ऊर्जा/परियोजनाएँ**–ऊपरी गंगा नहर, निचली गंगा नहर
- **उद्योग-** कपूर, तम्बाकू, टिन के कनस्तर, तेल खनन, कांच, कपास ओटना
- **अभयारण्य/पक्षी विहार-**समान पक्षी विहार (रामसर आर्द्र भूमि स्थल)
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** तारकशी कला,
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** तारकशी कला

### मैनपुरी की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–1 (मैनपुरी)
- **विधानसभा क्षेत्र**–4 (मैनपुरी, भोगॉव, किशनी, करहल)
- **तहसील**–6 (करहल, किशनी, कुरावली, घिरोर, भोगांव, मैनपुरी)
- **विकासखंड ( ब्लॉक )**–9 (बरनाहल, बेवर, घिरोर, जागीर, करहल, किशनी, कुरावली, मैनपुरी, सुल्तानगंज)
- **कुल ग्राम**–868
- **कुल ग्राम पंचायत** – 560
- **नगर पालिका परिषद**–1 (मैनपुरी)
- **नगर पंचायत**–8 (भोगाव, बेवर, कुशमरा, किशनी, करहल, घिरोर, कुरावली, ज्योंती खुड़िया)

➢ **मैनपुरी की जनसंख्या**

- **जनसंख्या–**18,68,529
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–9,93,377
  - ⊙ महिला जनसंख्या–8,75,152
- **शहरी जनसंख्या**–2,88,442 (15.44%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–910
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–79.35%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–84.14%
    - ⊡ महिला साक्षरता–74.11%
- **ग्रामीण जनसंख्या**–15,80,087 (84.56%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–876
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–75.37%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–84.60%
    - ⊡ महिला साक्षरता–64.80%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–0.94%
- **साक्षरता दर**–75.99%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–84.53%
  - ⊙ महिला साक्षरता–66.30%
- **जनसंख्या घनत्व**–677
- **लिंगानुपात**–881
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–17.02%
- **संस्थान-** अतुल इंस्टीट्यूट सिरसा रोड मैनपुरी, आदि शिव नवीन महाविद्यालय मैनपुरी, आई.टी.आई. मैनपुरी
- **उत्सव/मेला-** कास का मेला, नारायण का मेला, देवपुरी मेला,
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** लोहिया पार्क, समान अभयारण्य, महाराजा तेल सिंह चौहान किला, च्यवन ऋषि आश्रम, शीतला माता
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य-** लोक गीत- रियासी

# आगरा मण्डल (संभाग)
# (Agra Division)




## मथुरा-जनपद

➢ **मथुरा की स्थिति (Loc¸ceation of Mathura)**

- **मुख्यालय**–मथुरा
- **मंडल**–आगरा
- **पूर्व नाम व उपनाम**–कृष्ण नगरी, पेड़ा नगरी, पंडों की नगरी
- **इतिहास-स्थापना-** रामायण काल में मधुवन, महाभारत काल में शूर सेन महाजनपद की राजधानी (छटी शताब्दी ई.पू.)
  - ⊙ मथुरा से ब्राह्मी लिपि में शिलालेख मिला है।
  - ⊙ मथुरा कला और संस्कृति कनिष्क के शासन काल के समय (कुषाण वंश) अपने चरम पर पहुँच गई। मथुरा, कनिष्क के समय राजधानी बनी, दूसरा पुरुषपुर (आधुनिक पेशावर पाकिस्तान)
  - ⊙ मुगल शासक औरंगजेब ने शाही- ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया जो कृष्ण जन्म भूमि के निकट एक हिन्दू मन्दिर को तोड़ा कर बनवाया था।
  - ⊙ बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म का मुख्य केन्द्र था, यहाँ कई प्राचीन बौद्ध और जैन मन्दिर भी है।
  - ⊙ मथुरा को फूलों से जमीन सजाने का रंगीन कला है
  - ⊙ परंपरा क अनुसार, कृष्ण का जन्म जेल में हुआ था, कहा जाता है कि जेल एक पत्थर की द्वारा चिह्नित भूखण्ड पर मौजूद थी।
  - ⊙ वर्ष 1803 ई. में जनरल लेक के नेतृत्व में अंग्रेजों ने मथुरा पर कब्जा कर लिया।
- **क्षेत्रफल**–3,340 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-** अक्षांश- 27° से 28' उत्तर
  देशान्तर- 77° से 41' पूर्व।
- **अवस्थिति-**
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–अलीगढ़ और हाथरस
  - ⊙ पश्चिम में–राजस्थान और हरियाणा
  - ⊙ उत्तर में–अलीगढ़ और हरियाणा
  - ⊙ दक्षिण में–हाथरस और आगरा
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-02
- **नदियाँ/नहरें**–यमुना
- **झीलें-** नोह झील, मानसी गंगा, गोविंदकुंड झील,कोकिला झील, कुंडताल
- **ऊर्जा/परियोजना-**
- **उद्योग-** तेल शोधक कारखाना, हाथ से कागज निर्माण उद्योग, पीतल मूर्ति उद्योग, कालीन व दरिया उद्योग, साड़ी छपाई, गिलट के आभूषण, विटामिन आधारित उद्योग, कंठीमाला, पोशाक
- **अभयारण्य/पक्षी विहार-**
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** स्वच्छता सम्बन्धित उपकरण
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** मथुरा का पेड़ा, मथुरा सांझी शिल्प

## मथुरा की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–1 (मथुरा)
- **विधानसभा क्षेत्र**–5 (गोवर्धन, बलदेव, छाता, माट, मथुरा)
- **तहसील**–5 (मथुरा, गोवर्धन, छाता, माट, महावन)
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–10 (नंदगाँव, छाता, चौमुहा, गोवर्धन, मथुरा, फरह, राया, वल्देव, नौहझील, माट)
- **कुल ग्राम**–880 (**आबाद ग्राम** - 730)
- **कुल ग्राम पंचायत**–547
- **नगर निगम** – 01 (मथुरा-वृन्दावन)
- **नगर पालिका परिषद**–1 (कोसी कलां)
- **नगर पंचायत**–13 (राया बाजना, नन्दगाँव, बरसाना, छाता, चौमुहा, गोकुल, वल्देव, महावन, फरह, सौंख, गोवर्धन, राधाकुण्ड)

➢ **मथुरा की जनसंख्या**

- **जनसंख्या–**25,47,184
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–13,67,125
  - ⊙ महिला जनसंख्या–11,80,059
- **शहरी जनसंख्या–**7,55,993 (29.68%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–866
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–74.45%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–81. 47%
    - ⊡ महिला साक्षरता–66.37%
- **ग्रामीण जनसंख्या–**17,91,191 (70.32%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–862
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–68.57%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–81. 47%
    - ⊡ महिला साक्षरता–52.72%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–1.27%
- **साक्षरता दर**–70.40%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–81. 97%
    - ⊡ महिला साक्षरता–56.89%
- **जनसंख्या दशकीय घनत्व**–763 प्रतिवर्ग किमी.
- **लिंगानुपात**–863
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–22.80%
- **संस्थान-**
  - ⊙ केन्द्रीय बकरी अनुसंधान (1976) संस्थान (CIRG) मखदूम (मथुरा)
  - ⊙ पं दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान मथुरा
  - ⊙ गौ अनुसंधान संस्थान
  - ⊙ गीता शोध संस्थान
- **उत्सव/मेला-** कंस मेला, हरिदास जयन्ती मेला (वृन्दावन) मुड़ियायूनो मेला (गोवर्धन, मथुरा), देवछठ, श्रावणी, जन्माष्टमी मेला, झूला मेला (श्रावण में), ध्रुपद मेला
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** रमन रेटी, श्री राधा रमन मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, कृष्णा चेतना (इस्कॉन), बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, कृष्ण जन्म भूमि, कंकाली देवी का मंदिर, वृन्दावन, नंदगाँव, गोवर्धन, दाऊजी, बरसाना, मथुरा परिक्रमा, बिड़ला मंदिर, रंगनाथजी मंदिर
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य-**
  - ⊙ भगवान कृष्ण की जन्म स्थली है।
  - ⊙ मधुदानव का पुत्र लवणासुर की राजधानी मथुरा थी।
  - ⊙ NCR में शामिल करने हेतु प्रस्तावित चार जिलों में।
  - ⊙ राज्य में कार्यशील 4 वेटनरी मेडिकल कॉलेजों में से एक है।
  - ⊙ राज्य द्वारा चुने 7 स्मार्ट सिटी क्षेत्रों जिसे अपने संशोधनों द्वारा विकसित किया जायेगा में से एक।
  - ⊙ मध्य काल की प्रमुख चित्रकला शैलियों में से एक - मथुरा जलवायु
  - ⊙ मथुरा की जलवायु उष्णकटिबंधीय चरम हैं।
  - ⊙ तेल शोधक कारखान, मथुरा रिफाइनरी यह इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) जिसकी स्थापना वर्ष 1982 में भारत की छठी रिफाइनरी
  - ⊙ उ.प्र. में सबसे कम बारिश मथुरा जिले में होती है।

# विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. Which ancient city in Uttar Pradesh was the capital of the Surasena Mahajanapada?**
**उत्तर प्रदेश का कौन-सा प्राचीन शहर सुरसेन महाजनपद की राजधानी था?**

(a) Mathura/मथुरा
(b) Kannauj/कन्नौज
(c) Shravasti/श्रावस्ती
(d) Varanasi/वाराणसी
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Jr. Analyst Food 2024 (16/02/2025)***

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का प्राचीन शहर मथुरा, सूरसेन महाजनपद की राजधानी था। यह महाजनपद छठी शताब्दी ईसा पूर्व में सोलह महाजनपदों में से एक था।

**2. उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान स्थित है–**

(a) गोरखपुर में (b) मेरठ में
(c) लखनऊ में (d) मथुरा में

**UPPSC Staff Nurse 2022**
**UPPCS Spl. (Pre) G.S. 2008**
**UPPSC BEO (Pre) 2019**
**UPPSC Staff Nurse 2022**
**UPPSC RO/ARO (Pre) 2017**
**UP Lower (Mains) G.S. 2015**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा जिले में स्थित है।

**3. हाल ही में, उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में प्रथम पूर्ण– बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया गया है ?**

(a) आगरा (b) मथुरा
(c) कानपुर (d) लखनऊ

**UP Police Const. (M/F) 17-02-2024 Shift-II (Cancelled)**

**Ans. (b) :** 2 जनवरी, 2024 को राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में प्रथम पूर्ण- बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया है।

4. **भारत का प्रथम ट्रांसजेंडर विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित किस जिले में स्थापित किया जाएगा?**

(a) लखनऊ (b) कुशीनगर
(c) रायबरेली (d) मेरठ

**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** भारत का प्रथम ट्रांसजेंडर विश्वविद्यालय, उत्तर-प्रदेश के कुशीनगर जिले में स्थापित किया गया। इस यूनिवर्सिटी में कक्षा 1 से पोस्ट ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई होगी। इस यूनिवर्सिटी में समुदाय के छात्र पीएचडी और शोध भी कर सकेंगें।

5. **प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?**

(a) सारनाथ (b) वाराणसी
(c) वृंदावन (d) आगरा

**Lower Exam – 30-09-2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** बांके बिहारी मंदिर मथुरा जिले के वृंदावन धाम में स्थित है। यह भारत के प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इसका निर्माण स्वामी हरिदास ने करवाया था।
**सारनाथ**- बौद्ध तीर्थस्थल (ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश यहीं दिया था।)
**वाराणसी**- काशी विश्वनाथ मंदिर
**आगरा**- ताजमहल, कैलाश मेला

6. **उत्तर प्रदेश के किस शहर में 11 मंजिला पागल बाबा मंदिर मिलेगा?**

(a) वृन्दावन (b) वाराणसी
(c) सारनाथ (d) चित्रकूट

**Lower Exam – 01-10-2019 (Shift-II)**

**Ans : (a)** उत्तर प्रदेश के वृन्दावन (मथुरा) में 11 मंजिला पागल बाबा का मंदिर है। पागल बाबा का मंदिर एक आधुनिक वास्तुकला का उदाहरण है इसका निर्माण पागल बाबा द्वारा किया गया था।

7. **राधा के जन्म स्थान के रूप में निम्न में से किस स्थान को जाना जाता है?**

(a) वृंदावन (b) मथुरा
(c) द्वारका (d) बरसाना

**[UPSSSC Homeopathic Pharmacist 24/10/2019]**

**Ans. (d) :** राधा जी के बारे में प्रचलित है कि वह बरसाना की थीं, लेकिन इनका जन्म बरसाना से 50 किमी. दूर हुआ था। यह गाँव रावल के नाम से प्रसिद्ध है। राधा की माँ का नाम कृतिदा तथा पिता का नाम वृषभान था।

8. **लट्ठमार होली कहाँ मनाई जाती है?**

(a) बरसाना (b) वृन्दावन
(c) वाराणसी (d) कुशीनगर

**UDA/LDA 29-11-2015**
**ग्राम विकास अधिकारी - 22-12-2018 (shift- I)**

**Ans : (a)** लट्ठमार होली बरसाना में खेली जाती है। यह होली मथुरा के दो कस्बों बरसाना और नंदगाँव के बीच खेली जाती है।
यहाँ पौराणिक काल से ही कृष्ण और राधा के प्रेम की लीलायें प्रचलित हैं, इसी कारण वहाँ पर लट्ठमार होली आज तक खेली जाती है।

9. **बरसाना होली .......... के साथ खेली जाती है।**

(a) टमाटर (b) दूध
(c) पत्थर (d) डंडे

**(UPP Constable 28.01.2019)**

**Ans. (d) :** बरसाना, की लट्ठमार होली डंडे से खेली जाती है। यहाँ की लट्ठमार होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को बरसाना, (मथुरा) में हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है।

10. **मथुरा निम्नलिखित में से किसकी जन्मस्थली है जिसे ब्रजभूमि के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) भगवान राम (b) भगवान कृष्ण
(c) भगवान गणेश (d) भगवान शिव

**UP Police Const. (M/F) 17-02-2024 Shift-I (Cancelled)**

**Ans. (b) :** मथुरा भगवान कृष्ण की जन्मस्थली है जिसे ब्रजभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ के प्रमुख मंदिर हैं- गोविन्द देव मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, बांके बिहारी मंदिर आदि। पौराणिक साहित्य में मथुरा को अनेक नामों से संबोधित किया गया है जैसे- शूरसेन नगरी, मधुपुरी, मधुनगरी आदि।

11. **किस स्थान पर 'मूड़िया पूर्णिमा मेला' का आयोजन होता है?**

(a) बटेश्वर (b) कन्नौज
(c) गोवर्धन (d) सरधना

**Allahabad High Court ARO 20--12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** मूड़िया पूर्णिमा मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष आषाढ़ की पूर्णिमा को मथुरा के गोवर्धन में किया जाता है।
उत्तर प्रदेश का मथुरा जिला सर्वाधिक मेले का आयोजन करने वाला जिला (86 मेले) है। मूड़िया पूर्णिमा मेला मथुरा में निर्वाण को प्राप्त हुए सनातन स्वामी की याद में मनाया जाता है।

12. **उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस शहर में प्रसिद्ध कोकिलावन मंदिर स्थित है?**

(a) मथुरा (b) मेरठ
(c) वाराणसी (d) चित्रकूट

**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** कोकिलावन मंदिर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित है। यह घने जंगलों में स्थित है, यही कारण है कि इसका नाम कोकिलावन है। यह मंदिर मथुरा के पास कोसी कला में स्थित है। यह शानिदेव का मंदिर है।

13. **उत्तर प्रदेश में .......... का पागल बाबा मंदिर अपनी कठपुतली प्रदर्शनी के लिए प्रसिद्ध है।**

(a) अयोध्या (b) वृन्दावन (c) चित्रकूट (d) वाराणसी

**Allahabad High Court Group-D 23-07-2017**

**Ans : (b)** पागल बाबा का मंदिर उत्तर प्रदेश के वृन्दावन में स्थित है। यह मंदिर अपनी कठपुतली प्रदर्शनी के लिए प्रसिद्ध है।

14. **भव्य जैन स्तूप के अवशेष को कंकाली टीला के पास खोद कर निकाला गया है, जो कि —— में स्थित है।**

(a) वाराणसी (b) देवरिया
(c) मथुरा (d) कौशाम्बी

**Lower-II (Re-exam) (28-07-2019)**

**Ans. (c) :** कंकाली टीला, मथुरा में स्थित एक टीला है। इस टीले पर कंकाली देवी का मन्दिर है, इसलिए इसका नाम कंकाली टीला है। 1890-91 में डॉ. फुहरर के नेतृत्व में यहाँ खुदाई हुई जिसमें प्रसिद्ध भव्य जैन स्तूप प्राप्त हुआ था।

15. **निम्न में से सूरसेन महाजनपद की राजधानी कौन सी थी?**

(a) वैशाली (b) काशी
(c) चंपा (d) मथुरा

**UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II**

Ans. (d) :

| महाजनपद | - | राजधानी |
|---|---|---|
| सूरसेन | - | मथुरा |
| वज्जि | - | वैशाली |
| अंग | - | चम्पा |
| काशी | - | वाराणसी |

**16. निम्नलिखित में से किस स्थान पर कनिष्क की सिर विहीन प्रतिमा पायी गयी है?**

(a) प्रयागराज (b) मथुरा
(c) साँची (d) तक्षशिला

**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** राजा कनिष्क की बिना सिर वाली मूर्ति (प्रतिमा) मथुरा में पाई गई है। कनिष्क कुषाण वंश का महानतम शासक था। इसने 78 ई. में शक संवत् की शुरूआत की। ज्ञात है कि कुषाण वंश की स्थापना कुजुल कडफिसेस ने की थी।

**17. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की तेल रिफाइनरी उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है?**

(a) इलाहाबाद (b) कानपुर
(c) झाँसी (d) मथुरा

**Cane Supervisor (31-08-2019)**
**वन रक्षक - 11-12-2015**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश में तेल रिफाइनरी मथुरा में स्थित है और इंडियन ऑयल के स्वामित्व में है इसमें बॉम्बे हाई से आने वाला कम गंधक का कच्चा तेल, नाइजीरिया से आयातित कम गंधक का कच्चा तेल, मध्य पूर्व से आयातित उच्च गंधक वाला कच्चा तेल, परिष्कृत किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 1982 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग को पूरा करने के लिए 6.0 मिमी. टन प्रति वर्ष का क्षमता के साथ शुरू किया गया था।

**18. निम्नलिखित में से किस शहर में उत्तर प्रदेश की एकमात्र ऑइल रिफाइनरी स्थित है?**

(a) आगरा (b) मथुरा
(c) बरौनी (d) कानुपर

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**
**Allahabad High Court RO 05-01-2022 Shift-II**
**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 Shift-II**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. उत्तर प्रदेश मे तेल रिफ़ाइनरी कहाँ स्थित है?**

(a) आगरा (b) गोरखपुर
(c) मथुरा (d) प्रयागराज

**Allahabad High Court RO 10-12-2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. हाल ही में, निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश के किस शहर में पैप्सिको ने अपना ग्रीनफील्ड फूड प्लांट खोला है?**

(a) अमेठी (b) मिर्जापुर
(c) मथुरा (d) मेरठ

**Allahabad High Court ARO 20--12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** सितम्बर 2021 में उत्तर प्रदेश के मथुरा में शीतल पेय बनाने वाली प्रमुख कम्पनी 'पेप्सिको इंडिया' ने अपना ग्रीनफील्ड फूड प्लांट स्थापित किया जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था।

**21. मथुरा इनमें से किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) चूना पत्थर खनन उद्योग (b) ग्रेनाइट उद्योग
(c) तेल रिफाइनरी (d) संगमरमर उद्योग

**Allahabad High Court ARO 24-02-2019**

**Ans. (c) :** मथुरा तेल रिफानरी उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा वर्ष 1982 में तेल रिफाइनरी की स्थापना की गयी।

**22. उत्तर प्रदेश में 'मयूर संरक्षण केन्द्र' निम्नलिखित में से किस स्थान / जनपद में स्थित है ?**

(a) महोबा (b) मथुरा
(c) मैनपुरी (d) महाराजगंज

**उत्तर-(b) UPPSC GIC Lecturer 2021**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश के मथुरा (वृंदावन) जनपद में 'मयूर संरक्षण केंद्र' स्थित है।

**23. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर यमुना नदी के तट पर स्थित है?**

(a) लखनऊ (b) मथुरा
(c) झांसी (d) वाराणसी

**Allahabad High Court RO 11--12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में नदियों पर स्थित प्रमुख शहर-

| शहर | नदी |
|---|---|
| अयोध्या | सरयू |
| मथुरा | यमुना |
| लखनऊ | गोमती |
| वाराणसी | गंगा |
| प्रयागराज | गंगा-यमुना एवं सरस्वती संगमतट पर |
| इटावा | यमुना |
| हैदराबाद | मूसी |
| जौनपुर | गोमती |

**24. The _______ dance form of Uttar Pradesh involves a female dancer balancing a column of lighted deepaks (oil lamps) over her head while dancing.**
**उत्तर प्रदेश के ________ नृत्य रूप में एक महिला नर्तक नृत्य करते समय अपने सिर पर रोशन दीपकों के एक स्तंभ को संतुलित करती है।**

(a) Rasiya/रसिया
(b) Ramlila/रामलीला
(c) Charkula/चरकुला
(d) Braj Raslila/ब्रज रासलीला
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Homeopathic Pharmacist 2024 (02/02/2025)***

**Ans. (c) :** चरकुला नृत्य उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का एक प्रचलित लोकनृत्य है, जो होली के तीसरे दिन किया जाता है। इसमें पर्दा ढकी महिलाएँ 108 दीपकों का चरकुला (बहुस्तरीय गोलाकार लकड़ी का पिरामिड जैसा पिंजरा) सिर पर रखकर कृष्ण गीतों पर नृत्य करती है। इसी तरह ढेढ़िया नृत्य, अवध क्षेत्र का एक प्रसिद्ध लोकनृत्य हैं यह नृत्य राम के लंका विजय के बाद वापस आने पर स्वागत स्वरूप किया जाता है। इसमें छिद्रयुक्त मिट्टी के बर्तन में दीपक जलाकर उसे सिर पर रख कर नृत्य किया जाता है।

# अलीगढ़ मंडल (संभाग)
# (Aligarh Division)

**अलीगढ़ मण्डल – 4 जनपद**


अलीगढ़

एटा

हाथरस

कासगंज






## अलीगढ़-जनपद

- **मुख्यालय–**अलीगढ़
- **मंडल–**अलीगढ़, प्रदेश का सबसे नवीनतम मण्डल (18वाँ) है जिसकी स्थापना 21 अप्रैल, 2008 को किया गया था। इसके अन्तर्गत 4 जनपद सम्मिलित किये गये हैं।
- **पूर्व नाम व उपनाम-** कोल या कोइल (18वीं शदी में), ताला नगरी
- **इतिहास-स्थापना-** अलीगढ़ नाम की उत्पत्ति अस्पष्ट है। 18वीं शताब्दी में इसे कोल या कोइल नाम से जाना जाता था। महाभारत के समय कोल नाम का राक्षस हुआ जिसके नाम पर इस जगह का नाम कोल पड़ा था। मान्यता है कि विष्णुगुप्त (चाणक्य) की कार्यस्थली भी अलीगढ़ ही थी। जाट राजा सूरजमल ने वर्ष 1753 में कोल पर अपना अधिकार कर लिया। पुनः 1768 में सरदार मिर्जा साहस का अधिकार हो गया। मिर्जा के सिपासलार अफरसियाब ने पैगम्बर के दामाद अली के नाम पर अलीगढ़ रखा गया था। द्वितीय आंग्ल मराठा युद्ध (1803) में अंग्रेजों ने इसे मराठों से छीन लिया था। 1857 का विद्रोह का यह मुख्य केन्द्र रहा।

नार्थब्रुक के 10000 के सहयोग से सर सैय्यद अहमद खान ने वर्ष 1875 में मोहम्मद एंग्लो ओरियेंटल कालेज की स्थापना की। बाद में यही कालेज वर्ष 1920 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बन गया। 1857 की क्रांति में अलीगढ़ का योगदान ज्यादा रहा है। यहाँ के नारायण पंडित ने अंग्रेजों के विरूद्ध आवाज उठाई थी। किन्तु उन्हें फांसी हो गई थी

- **क्षेत्रफल–** 3,650 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-अक्षांश** 27'-29' 11" उत्तरी
  **देशान्तर** 77' 29'-78'26 पूर्वी
- **अवस्थिति-** गंगा-युमना दोआब पर
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–कासगंज
  - ⊙ पश्चिम में–हरियाणा राज्य
  - ⊙ उत्तर में–संभल, गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर
  - ⊙ दक्षिण में–हाथरस और मथुरा
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-91, NH-93 NH-34, NH-509 यमुना ऐक्सप्रेस वे, अलीगढ़पलवल एक्सप्रेस वे (NH-334 D)- निर्माणाधीन।
  ⊙ अलीगढ़- आगरा, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे प्रस्तावित।
- **नदियाँ/नहरें**–गंगा, यमुना, करवन नदी (यमुना की सहायक) पूर्वी काली नदी।
- **झीलें-** शेखा झील
- **ऊर्जा/परियोजना-** हरदुआगंज ताप विद्युत संयंत्र (1942)
- **उद्योग-** दरी निर्माण उद्योग, बिस्कुट उद्योग, सूती वस्त्र उद्योग, ताला उद्योग, इस्पात उद्योग, पीतल मूर्ति उद्योग, डेयरी प्लांट, कृषि संयंत्र उद्योग, डिफेंस कॉरिडोर इंडस्ट्रियल एरिया।
- **अभ्यारण/पक्षी विहार-** शेखा झील पक्षी विहार (क्षेत्रफल- 0.40 वर्ग किमी.) प्रदेश का सबसे छोटा पक्षी बिहार, काला हिरण संरक्षण केन्द्र।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** ताले, हार्डवेयर एवं हैण्डीक्राफ्ट
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** ताला को (2023)

### अलीगढ़ की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–1 (अलीगढ़)
- **विधानसभा क्षेत्र**–7 (कोल, खैर, बरौली, छर्रा, अलीगढ़, अतरौली, इगलास)
- **तहसील**–5 (कोल, अतरौली, खैर, इगलास, गभाना)
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–12 (अतरोली, चन्डोस, इगलास, जवां, लोधा, खैर, गोंडा, धनीपुर, अकराबाद, बिजौली, टप्पल, गंगोरी)
- **कुल ग्राम**–1,210 (आबाद ग्राम की संख्या- 1170
- **कुल ग्राम पंचायत**–902
- **नगर निगम**–1 (अलीगढ़)
- **नगर पालिका परिषद**–2 (खैर, अतरौली)
- **नगर पंचायत**–9 (बेसवान, पिलाखाना, छर्रा, जट्टारी, हरदुआगंज, इगलास, कौड़ियागंज, जलाली, विजयगढ़)

### अलीगढ़ की जनसंख्या (Population of Aligarh)

- **जनसंख्या–**36,73,889
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–19,51,996
  - ⊙ महिला जनसंख्या–17,21,893
- **शहरी जनसंख्या–**1,217,191 (33.13%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–893
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–67.85%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–73. 73%
    - ⊡ महिला साक्षरता–61.27%
- **ग्रामीण जनसंख्या–**2,456,698 (66.87%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–877
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–67.34%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–80.11%
    - ⊡ महिला साक्षरता–52.80%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–1.84%
- **साक्षरता दर**–67.52%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–77.97%
    - ⊡ महिला साक्षरता–55.68%
- **जनसंख्या घनत्व–**1,007
- **लिंगानुपात–**882
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–22.78%
- **संस्थान-** अलीगढ़ मुस्लिम केन्द्रीय वि.वि. (1920), राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, राज्य वि.वि. 2021, मंगलायतन (विजी) विश्वविद्यालय (2006), फूड क्राफ्ट इस्टीट्यूट (पर्यटन हेतु)।
- **उत्सव/मेला-** अलीगढ़ नुमाइस, बलदेव छठ मेला
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** खेरेश्वर मंदिर, तीर्थ धाम मंगलायतन मंदिर, नकवी पार्क, जामा मस्जिद, मौलाना आजाद लाइब्रेरी, बाबा बरछी बहादुर दरगाह, अलीगढ़ किला
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य-**
  - ⊙ वायु परिवहन हेतु अलीगढ़ में 'धनीपुर' (सिविल) हवाई अड्डा स्थित है।
  - ⊙ अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर इंडस्ट्रियल एरिया
  - ⊙ अमेरिकन तकनीकी की पिस्टल रिवाल्वर एवं कारतूस का निर्माण
  - ⊙ यहाँ की जलवायु गर्म और समशीतोष्ण है। यहाँ का वार्षिक औसत तापमान 24.7ºC होता है।
  - ⊙ **पेड़ पौधे-** आम-अमरूद, केला, लीची, संतरा, नीलू पीपल, बरगद, नीम आदि।

# विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. Which of the following district of Uttar Pradesh is famous for lock industry?**
**उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला ताला उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) Hathras/हाथरस (b) Kaushambi/कौशाम्बी
(c) Agra/आगरा (d) Aligarh/अलीगढ़
(e) None of the above /उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Assist. Accountant 2024 (05/04/2025)***

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का अलीगढ़ जिला 'ताला' उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। गंगा एवं यमुना नदियों के मध्य स्थित अलीगढ़ को 18वीं सदी के पूर्व 'कोल अथवा कोइल' के नाम से जाना जाता था। अलीगढ़ मंडल उत्तर प्रदेश का नवीनतम् मंडल (18वाँ) हैं। जिसका गठन 22 अप्रैल, 2008 को किया गया था। इस मण्डल के अन्तर्गत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 4 जनपद सम्मिलित है, जिसमें अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज आते है। अलीगढ़ में ही उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा पक्षी बिहार शेखा झील पक्षी बिहार (0.40 वर्ग किमी.) में स्थित है।

**2. अलीगढ़ .......... के लिए प्रसिद्ध है।**

(a) मिठाइयों (b) चूड़ियों
(c) काँच की वस्तुओं (d) तालों

**विधान भवन रक्षक - 02-12-2018 (shift- II)**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. हाल ही में, अलीगढ़ में___की स्मृति और सम्मान में एक राजकीय विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी गई है**

(a) राजेंद्र लाहिड़ी (b) राजा महेन्द्र प्रताप
(c) राव कदम सिंह (d) विजय सिंह पथिक

**Allahabad High Court ARO 20--12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश सरकार ने अलीगढ़ में राजा महेन्द्र प्रताप की स्मृति और सम्मान में वर्ष 2021 में एक राजकीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की आधारशिला रखी। इस विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य वर्ष 2023 तक लगभग पूर्ण कर लिया गया है।
भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और समाज सुधारक रहे जाट नेता राजा महेन्द्र प्रताप सिंह मोहम्मद एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (वर्तमान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी) के पूर्व छात्र थे। उन्होंने अफगानिस्तान में पहली निर्वासित सरकार का गठन भी किया था।

**4. राजा महेन्द्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय कहाँ पर स्थापित होगा?**

(a) अलीगढ़ (b) प्रयागराज (c) लखनऊ (d) कानपुर

**Allahabad High Court ARO 14-12-2021 Shift-II**

**Ans (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. जी. टी. रोड नहीं गुजरती है –**

(a) प्रयागराज से (b) आगरा से
(c) अलीगढ़ से (d) मुगलसराय से

**UPPCS (Pre.) G.S. 2002**
**UPPCS (Mains) I$^{st}$ Paper GS, 2012**

**Ans. (c)** जी. टी. रोड को वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 (NH-19) (पुराना मार्ग NH-2) कहा जाता है जो दिल्ली से कोलकाता के बीच स्थित है। जी. टी. रोड अलीगढ़ से होकर नहीं गुजरती है। यह आगरा → फिरोजाबाद → इटावा → कानपुर → फतेहपुर → प्रयागराज→ वाराणसी → मुगलसराय → कोलकाता तक जाता है।

**6. उत्तर प्रदेश में किस जिले में सर्वप्रथम सोलर ऊर्जा संयंत्र प्रारम्भ किया गया?**

(a) आगरा (b) मथुरा (c) अलीगढ़ (d) सहारनपुर

**लोअर प्रथम- 28-02-2016**

**Ans. (c)** प्रश्नकाल के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के हरदुआगंज नामक स्थान पर 660 MW का सोलर ऊर्जा संयंत्र प्रारम्भ किया गया था। इस संयंत्र के निर्माण का कार्य जापानी कंपनी तोशीबा (Toshiba) ने किया था।

**7. उत्तर प्रदेश का कौन-सा शहर अपने कास्ट बेल के लिए पूरे विश्व में विख्यात है?**

(a) मुजफ्फरनगर (b) शाहजहाँपुर
(c) इटावा (d) जलेसर

**UDA/LDA 29-11-2015**

**Ans: (d)** उत्तर प्रदेश का **जलेसर** शहर कास्ट बेल के लिये पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त है। जलेसर उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में स्थित कस्बा/टाउन है। जलेसर ब्रास और पीतल उद्योग के लिये प्रसिद्ध है। इसे ही कास्ट बेल (Cast bells) भी कहा जाता है। इसको बनाने के लिए ब्रॉस में लोहा मिलाया जाता है।

**8. 'शेखा झील' के नाम से एक नया राष्ट्रीय पक्षी विहार का विकास किया जा रहा है-**

(a) लखनऊ में (b) वृन्दावन में
(c) अलीगढ़ में (d) कानपुर में

**UPPSC ACF/RFO (Mains) Ist 2018**

**Ans: (c)** शेखा झील भारत के उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में स्थित एक ताजे पानी की झील है। प्रवासी पक्षियों के अनुकूल इस झील को एक नये राष्ट्रीय पक्षी विहार के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**9. उत्तर प्रदेश के निम्न में से कौन-से ज़िले की सीमा मध्य प्रदेश के साथ साझा नहीं करती है?**

(a) इलाहाबाद (b) मिर्जापुर
(c) इटावा (d) अलीगढ़

**ग्राम विकास अधिकारी - 22-12-2018 (shift- II)**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद), मिर्जापुर, आगरा, इटावा, झाँसी, ललितपुर, बाँदा, चित्रकूट, सोनभद्र, जालौन आदि जिले मध्य प्रदेश राज्य के साथ सीमा साझा करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, सहारनपुर, शामली, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, बागपत ये सभी जिले हरियाणा राज्य के साथ सीमा साझा करते हैं।


**10. किस शहर को अभी तक ''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र'' में सम्मिलित नहीं किया गया है?**

(a) जींद (b) करनाल
(c) अलीगढ़ (d) मुजफ्फरनगर

**ग्राम पंचायत अधिकारी- 21-02-2016**

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले को अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित नहीं किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित क्षेत्र - दिल्ली, उत्तर प्रदेश के 8 जिले गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, हापुड़, मुजफ्फरनगर और शामली, हरियाणा के फरीदाबाद, गुड़गाँव, मेवात, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, महेन्द्रगढ़, भिवानी, जींद, करनाल तथा राजस्थान के भरतपुर, अलवर हैं।

# अलीगढ़ मंडल (संभाग)
# (Aligarh Division)




## एटा-जनपद

➢ **एटा की स्थिति (Location of Etah)**

- **मुख्यालय**–एटा
- **मंडल**–अलीगढ़
- **पूर्व नाम व उपनाम**–शूकर एरिया, वहार नगर, ऐंठा
- **इतिहास-स्थापना-** यह जिला काली नदी के तट पर स्थित है। इस शहर को पृथ्वीराज चौहान के सरदार संग्राम सिंह ने बसाया था। वर्तमान में यह अलीगढ़ डिवीजन का एक हिस्सा है।
  - ⊙ उत्तर वैदिक कालीन स्थल अतरंजीबेड़ा को चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 'पि-लो-शा-न' के नाम से संबोधित किया है।
  - ⊙ एटा जनपद के कटिंगरा गाँव से पाँच हजार वर्ष पुरानी गुप्तकाल, कुषाणकाल एवं महाभारत कालीन चित्रित धूसर मृदभाण्ड मिले हैं।
  - ⊙ 1857 के विद्रोह का केन्द्र बनने के लिए जाना जाता है।
  - ⊙ प्राचीन काल में एटा को 'आंधा' कहा जाता है।
- **क्षेत्रफल**– 2431 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति- आक्षांश** 27.63 उत्तर
  **देशान्तर** 78.67 पूर्व
- **अवस्थिति-** काली नदी के तट पर
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–फर्रुखाबाद
  - ⊙ पश्चिम में–आगरा एवं हाथरस (महामाया नगर)
  - ⊙ उत्तर में–कासगंज
  - ⊙ दक्षिण में–फिरोजाबाद एवं मैनपुरी
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-091
- **नदियाँ/नहरें**–गंगा, काली ईसान
- **झीलें-** पटना पक्षी अभयारण्य में एक झील है
- **ऊर्जा/परियोजना**–ऊपरी गंगा, निचली गंगा, बूढ़ीगंगा
- **उद्योग-** खादी वस्त्र, घुंघरू घंटी, काँचमूंगा, मोटी मूंजवान

- **अभयारण्य/पक्षी विहार-** पटना पक्षी विहार (1990)
  ⊙ उ.प्र. का सबसे छोटा पक्षी अभयारण्य है।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** घुंघरू घंटी
- **भौगोलिक स्थिति (GI Tag)-** धातु शिल्प

## एटा की प्रशासनिक परिचय

**(Administrative Introduction of Etah)**

- **लोकसभा सीट**–1 (एटा)
- **विधानसभा क्षेत्र**–4 (एटा, मारहरा, जलेसर, अलीगंज)
- **तहसील**–3 (अलीगंज, एटा, जलेसर)
- **विकासखंड ( ब्लॉक )**–8 (शीतलपुर, सकीट, निधोलीकला, मारहरा, जलेसर, अवागढ़, जैथरा, अलीगंज)
- **राजस्व गाँव** –892 – (**आबाद ग्राम**-853)
- **कुल ग्राम पंचायत**–576
- **नगर पालिका परिषद**–4 (अलीगंज, मारहरा, एटा, जलेसर)
- **नगर पंचायत**– 6 (सकीट, राजा का रामपुर, अवागढ़, जैथरा, निधौली कलॉ), मिरेहची

➢ **एटा की जनसंख्या (Population of Etah)**

- **जनसंख्या–**17,74,480
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–9,47,339
  - ⊙ महिला जनसंख्या–8,27,141
- **शहरी जनसंख्या–**2,68,142 (15.11%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–892
  - ⊙ **शहरी साक्षरता दर**–76.89%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–82.43%
    - ⊡ महिला साक्षरता–70.70%
- **ग्रामीण जनसंख्या–**15,06,337 (84.89%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–870
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–69.69%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–81.08%
    - ⊡ महिला साक्षरता–56.58%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–0.89%
- **साक्षरता दर**–70.81%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–81.28%
  - ⊙ महिला साक्षरता–58.80%
- **जनसंख्या घनत्व–**735 प्रति वर्ग किमी.
- **लिंगानुपात**–873
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–15.8%
- **संस्थान-** विमला देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, आर.के.कॉलेज, जे.एन.एन डिग्री कॉलेज, जेड.एच.पी कॉलेज सी.सी कान्वेंट स्कूल
- **उत्सव/मेला-** एटा महोत्सव, एटा पुस्तक मेला अर्शगुरुकुल
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** अवागढ़ किला, जलेसर, मारहरा, कैलाश मन्दिर, अर्शगुरुकुल
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य**

  ⊙ उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 'जौ' उत्पादन एवं उत्पादकता वाला जनपद है।

  ⊙ एटा जिले में झाड़िया ज्यादा पायी जाती है।

  ⊙ यहाँ की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है।

  ⊙ वर्ष 2024 में पर्यावरण संरक्षण के लिए एटा जिले में 22 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

  ⊙ एटा जनपद में शीशम, अर्जुन, सागवन, बांस, बेर, महोगनी, चंदन, साल तथा आंवला के वृक्ष पाये जाते हैं।

# विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न


**1. सूफी कवि अमीर खुसरों का जन्म उत्तर प्रदेश के.......... जिले में हुआ था।**

(a) बुलंदशहर (b) अलीगढ़
(c) एटा (d) फैजाबाद

**UPP Constable, 26.10.218 (Shift-1)**

**Ans. (c) :** सूफी कवि अमीर खुसरो का जन्म 1253 ई. में उत्तर प्रदेश के एटा जिले के पटियाली नामक ग्राम (वर्तमान में कासगंज) में हुआ था। इन्हें तबला तथा खड़ी बोली का आविष्कारक माना जाता है। इन्होंने 7 सुल्तानों का शासन काल देखा था।

# अलीगढ़ मंडल (संभाग)
# (Aligarh Division)




## हाथरस-जनपद

➢ **हाथरस की स्थिति (Location of Hathras)**

- **मुख्यालय**–हाथरस
- **मंडल**–अलीगढ़
- **पूर्व नाम व उपनाम**– (गौतम बुद्ध की माता माया देवी के नाम पर) महामाया नगर, हींग व गुलाल नगरी, हींग की मण्डी
- **इतिहास-स्थापना-** 10 मई, 1997 ई. को अलीगढ़ व मथुरा से काटकर हाथरस जिला बनाया गया।
  - ⊙ 1803 में इस क्षेत्र को ब्रिटिश द्वारा कब्जा कर लिया गया था।
  - ⊙ 2012 में नाम परिर्वातित कर महामाया नगर से हाथरस कर दिया।
  - ⊙ इस क्षेत्र पर जाट, कुशन, गुप्त साम्राज्य, मराठा शासकों ने शासन किया था।
  - ⊙ यहाँ बौद्ध काल की मूर्तियाँ साहपाउ और लखनू जैसे स्थानों से प्राप्त होते हैं।
  - ⊙ मान्यता है कि इस स्थान पर शिव जी ने माता पार्वती को अपने हाथों से रसपान कराया था इसलिये इस जगह का नाम हाथरस रखा गया।
- **क्षेत्रफल**– 1,840 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-** आक्षांश 27 29.11' उत्तर
  देशान्तर 77 26' पश्चिम
- **अवस्थिति-** ईशन नदी के किनारे पर स्थित है।
- **सीमा रेखा-**
  - ⊙ पूर्व में–एटा
  - ⊙ पश्चिम में–मथुरा
  - ⊙ उत्तर में–अलीगढ़
  - ⊙ दक्षिण में–आगरा
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**– NH-91, NH-93
- **नदियाँ/नहरें-**
  - ⊙ सगेंर नदी    अलीगढ़ से निकलती है, यमुना की सहायक।
  - ⊙ ईशन नदी।
  - ⊙ करवन नदी।
- **झीलें-** सोनक झील
- **ऊर्जा/परियोजना**–मध्य गंगा नहर, हाथरस ब्रांच नहर
- **उद्योग-** पीतल और बर्तन कलई उद्योग, ताला उद्योग, चाकू, कैंची व छुरा उद्योग, सरौंता उद्योग, लकड़ी का फर्नीचर उद्योग, टीन कनस्तर उद्योग, हींग उद्योग, रेडीमेड्स गारमेंट्स, देशी घी, चीनी, केमिकल्स, कृत्रिम मोती, आर्टवेयर, वनस्पति घी।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** हींग प्रसंस्करण
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** हींग (असाफिटेडा)

### हाथरस की प्रशासनिक परिचय (Administrative Introduction of Hathras)

- **लोकसभा सीट**–1 (हाथरस, अनुसूचित जाति)
- **विधानसभा क्षेत्र**–3 (हाथरस, अनुसूचित जाति), सादाबाद, सिकन्दराराऊ)
- **तहसील**–4 (हाथरस, सादाबाद, सासनी, सिकंदराराऊ)
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–7 (हाथरस, मुरसान, सासनी, सिकन्दराराऊ, हसायन, सादाबाद, सहपाउ)
- **कुल ग्राम**–683 (**आबाद ग्राम की संख्या**-655)
- **कुल ग्राम पंचायत**–474
- **नगर पालिका परिषद**–2 (सिकन्दराराऊ, हाथरस)
- **नगर पंचायत**–07 (सादाबाद, सासनी, मुरसान, हसायन, सहपऊ, मैण्डू, पुरदिल नगर)

➢ **हाथरस की जनसंख्या (Population of Hathras)**
- **जनसंख्या–**15,64,708
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–8,36,127
  - ⊙ महिला जनसंख्या–7,28,581
- **शहरी जनसंख्या–**332,693 (21.26%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–887
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–71.85%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–78.34%
    - ⊡ महिला साक्षरता–64.56%
- **ग्रामीण जनसंख्या–**1,232,015 (78.74%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात– 867
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–71.52%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–83.48%
    - ⊡ महिला साक्षरता–57.74%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–0.78%
- **साक्षरता दर–**71.60%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–82.38%
  - ⊙ महिला साक्षरता दर–59.23%
- **जनसंख्या घनत्व–**850
- **लिंगानुपात–**871/1000
- **जनसंख्या दशकीय वृद्धि दर–**17.19%
- **संस्थान-** पी.सी बागला कॉलेज, सरस्वती डिग्री कालेज, आर.डी.ए. गर्ल्स कालेज।
  - ⊙ पॉलीटेक्निक कालेज
- **उत्सव/मेला-** भगवान बालम मंदिर में लख्खा मेला लगता है। इसे डू बाबा के नाम से जाना जाता है।
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** तीर्थधाम मंगलायन, दाउजी महाराज का मन्दिर (हसायन), महाकाली मन्दिर (सहपाऊ), बोहेली वाली का मंदिर, गोपेश्वर महादेव मंदिर, चिंता हरान, मसानी देवी, चावर गेट, नाथजी चामुंडा माँ मंदिर। मंगलायतन तीर्थधाम, भद्रकाली मंदिर।
  - ⊙ हाथरस किला,
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- **अन्य-** हाथरस का प्रमुख है– नौटंकी, प्रदेश में सबसे कम नम भूमि वाला जिला–हाथरस। कपास का उत्पादन भी किया जाता है। यमुना (ताज) एक्सप्रेस-वे यहां से गुजरता है। काँच और चीनी मिट्टी के मनके, पत्थर/मनके, भारत के प्रसिद्ध हास्य कवि काका हाथरसी का जन्म हुआ है, यहाँ सगेंर, ईशन एवं करवन नदी का प्रवाह है, आलू उत्पादन में आगरा, फिरोजाबाद के बाद हाथरस तीसरे स्थान पर है।

# अलीगढ़ मंडल (संभाग)
# (Aligarh Division)




## कासगंज-जनपद

➢ **कासगंज 71वाँ जिला**
- **मुख्यालय**–कासगंज
- **मंडल**–अलीगढ़
- **पूर्व नाम व उपनाम**–कांशीराम नगर
- **इतिहास-स्थापना**– 17 अप्रैल, 2008, मुगल और ब्रिटिश काल के दौरान कासगंज को 'तनय' या 'खासगंज' भी कहा जाता था। पटियाली में 'अमीर खुसरों महोत्सव' मनाया जाता है। वर्ष 2012 में काशीराम नगर का नाम बदलकर कासगंज किया गया। अमीर खुसरो का जन्म 1253 में पटियाली में हुआ था।
  - ⊙ मान्यता है कि दानव हिरण्यकश्यपु ने पृथ्वी को चुरा लिया था और सोरों के कुंड में छिपा दिया था।
- **क्षेत्रफल**– 1955 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति-** अक्षांश- 27° 49' से 27° 82' उत्तर
  देशान्तर- 78° 39' से 78° 65' पूर्व।
- **अवस्थिति-** काली नदी के किनारे स्थित है।
  - ⊙ यह नगर काली नदी के किनारे बसा हुआ है।
  - ⊙ यह गंगा और यमुना के दोआब में वसा है।
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–फर्रुखाबाद
  - ⊙ पश्चिम–अलीगढ़
  - ⊙ उत्तर–बदायूं
  - ⊙ दक्षिण में–एटा
- **राष्ट्रीय राजमार्ग–**NH-530B (मथुरा से बरेली), N.H.-2, जिला मुख्यालय ग्राट ट्रंक (जीटी) सड़क से जुड़ा है।

- **नदियाँ/नहरें**–काली, गंगा नहर, हजारा नहर, नदरई पुल। आयरलैण्ड के कार्क विश्वविद्यालय के इंजीनियरों ने इस पुल को डिजाइन किया था, इसका निर्माण वर्ष 1885 से 1889 के बीच हुआ था। इस पुल के नीचे काली नदी बहती है और ऊपर से गंगा नहर गुजरती है। निचली गंगा नहर जिले से बहती है।
- **झील-** दरियावगंज झील
- **ऊर्जा/परियोजना-** 220 KVA का विद्युत उपकेन्द्र।
- **उद्योग-** मैकेनिकल इंजीनियरिंग उद्योग, सीमेंट उद्योग, एवं विद्युत उद्योग, कृषि आधारित, चीनी मिल
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** जर जरदोजी। 'जर' का अर्थ है- सोना और 'दोजी' का अर्थ है- काम

## कासगंज का प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–1 (कासगंज)
- **विधानसभा क्षेत्र**–3 (अमाँपुर, कासगंज, पटियाली)
- **तहसील**–3 (कासगंज, पटियाली, सहावर)
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–7 (कासगंज, सोरों, पटियाली, गंजडुण्डवारा, सिढपुरा, सहावर, अमापुर)
- **कुल ग्राम**–715 **(आबाद ग्राम-650)**
- **कुल ग्राम पंचायत**–423
- **नगर पालिका परिषद**–3 (कासगंज, सोरों, गंजडुण्डवारा)
- **नगर पंचायत**–7 (पटियाली, मोहनपुर, भरगैन, सिढपुरा, सहावर, अमापुर, विलराम)

➢ **कासगंज की जनसंख्या (Population of Kasganj)**

- **जनसंख्या**–14,36,719
  - ◉ पुरुष जनसंख्या–7,64,165
  - ◉ महिला जनसंख्या–6,72,554
- **शहरी जनसंख्या**–2,88,207 (20.06%)
  - ◉ **शहरी लिंगानुपात**–901
  - ◉ **शहरी साक्षरता दर**–65.01%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–71.72%
    - ⊡ महिला साक्षरता–57.60%
- **ग्रामीण जनसंख्या**–11,48,512 (79.94%)
  - ◉ **ग्रामीण लिंगानुपात**–875
  - ◉ **शहरी साक्षरता दर**–59.98%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–71.52%
    - ⊡ महिला साक्षरता–46.72%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–0.72%
- **साक्षरता दर**–61.00%
  - ◉ पुरुष साक्षरता–71.56%
  - ◉ महिला साक्षरता–49.00%
- **जनसंख्या घनत्व**–725 प्रति वर्ग किमी.
- **लिंगानुपात**–880
- **जनसंख्या दशकीय वृद्धि दर**– 17.05%
- **संस्थान-** कलावती आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज और रिसर्च सेंटर सरकारी पॉलिटेक्निक, आजाद गाँधी इंटर कालेज, S.K.M. इंटर कॉलेज, RCTI कम्प्यूटर शिक्षा, बंसीघर एंलो वैदिक इंटर कॉलेज, भागीरथी इंटर कालेज, श्री विष्णु भगवान महाविद्यालय आदि।
- **उत्सव/मेला-** सोरों मेला, ककोड़ा मेला, (वार्षिक मेला) भीम सेन मेला, नवदुर्गा मेला आदि।
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** हरि की पौड़ी, भीमसेन घंटा, मानस मंदिर, परशुराम मंदिर, बटुकेश्वरनाथ मंदिर, वराह भगवान का मंदिर (सोरों में बुराई पर अच्छाई की जीत के लिये बनाया गया है), घंटा घर, लक्ष्मी गेट, नदरई ब्रिज सोरों, हरिपदीकुंड, श्री यंत्र, गृद्धवट, सूर्यकुंड, चंद्रकुटी लहरेश्वर महादेव, भागीरथी व कंपिल मुनि की गुफा, श्रीकृष्ण रास बाछरू स्थल।
- **भाषा/बोली-**ब्रज भाषा
- अमीर खुशरो का जन्म पटियाली (कासगंज) में हुआ है
  - ◉ दरियावगंज झील को लेक सफारी के रूप विकसित करने की संभावना भी तलाशी जा रही है।
  - ◉ नदरई ब्रिज को झाला ब्रिज के नाम से जानते हैं जो गंगा नहर व काली नदी पर बना है।
  - ◉ कासगंज की जलवायु उपोष्णकटिबंधीय है। जिले का वार्षिक तापमान 30.05°C है जो कि भारत के औसत से 4.08% अधिक है।

# विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. The famous poet Amir Khusrau belongs to which city?**
**प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो किस शहर से हैं?**

(a) Patiyali/पटियाली (b) Firozabad/फिरोजाबाद
(c) Unnao/उन्नाव (d) Sultanpur/सुल्तानपुर
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC X-Ray Technician 2023 (15/12/2024)***

**Ans. (a) :** प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो का जन्म एटा जिले के पटियाली (कासगंज उ.प्र.) में वर्ष 1253 में हुआ था। उन्होंने दिल्ली के छह सुल्तानों के साथ काम किया था। अमीर खुसरो सूफियों विशेष रूप से निजामुद्दीन औलिया के काफी नजदीक थे। उन्होंने अपने काव्य तथा संगीत के माध्यम से भारत की सूफी संस्कृति के निर्माण में महान योगदान दिया है।

**2. Which district in Uttar Pradesh was renamed as Kanshiram Nagar in 2008?/2008 में उत्तर प्रदेश में किस जिले का नाम बदलकर कांशीराम नगर कर दिया गया।**

(a) Mathura /मथुरा (b) Mainpuri/मैनपुरी
(c) Aligarh/अलीगढ़ (d) Kasganj /कासगंज
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Enforcement constable 11/05/2025***

**Ans.(d):** 2008 में उत्तर प्रदेश में कासगंज जिले का नाम बदलकर उ.प्र. सरकार ने कांशीराम नगर कर दिया था

**3. निम्नलिखित में से अमीर खुसरो किस स्थान से सम्बन्धित हैं?**

(a) लखनऊ (b) पटियाली
(c) फिरोजाबाद (d) बरेली

**UPPSC ACF - 2017**

**Ans. (b)** अमीर खुसरो का वास्तविक नाम अबुल हसन यामीनुद्दीन मुहम्मद था। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के पटियाली नामक ग्राम में हुआ था। खुसरो को हिन्दुस्तानी खड़ी बोली का पहला लोकप्रिय कवि माना जाता है। इन्हें 'तूती-ए हिन्द' के नाम से भी जाना जाता है।

# आजमगढ़ मंडल (संभाग)
## (Azamgarh Division)

**आजमगढ़ मण्डल – 3 जनपद**

आजमगढ़
मऊ
बलिया






### आजमगढ़-जनपद

- **मुख्यालय**–आजमगढ़
- **मंडल**–आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश के पूरब में स्थित एक प्रशासनिक संभाग है। इस मंडल की स्थापना 15 नवंबर, 1994 ई. को गोरखपुर मंडल से अलग कर 14वें मंडल के रूप में की गई थीं)
- **पूर्व नाम व उपनाम**–कैफ़ी आज़मी नगर, प्राचीन काल में कोशल महाजनपद का भाग।
- **इतिहास-स्थापना**–1665 ई. प्राचीन अवन्तिका पुरी (वर्तमान में मुहम्मदपुर) स्थित स्थान काफी प्रसिद्ध है ऐसा माना जाता है कि राजा जनमेजय (अर्जुन के पौत्र तथा राजा परिक्षित के पुत्र) ने एक बार पृथ्वी के सम्पूर्ण सॉप प्रजाति को समाप्त करने के लिए 'यज्ञ' का आयोजन किया था।
  - ⊙ 18 दिसम्बर, 1832 को आजमगढ़ एक जिला बना।
  - ⊙ सर थॉमसन को आजमगढ़ का पहला कलेक्टर नियुक्त किया था।
  - ⊙ प्राचीन काल में 'कोशल महाजनपद' का हिस्सा था।
  - ⊙ इस जनपद की स्थापना मुगल शासन काल में राजा विक्रमजीत के पुत्र 'आजम खॉ' ने की थी।
  - ⊙ गौतम राजपूतों के वंशज विक्रमजीत ने मुस्लिम धर्म अपना लिया लिया था।
  - ⊙ 'फुलवारिया' नामक प्राचीन ग्राम के स्थान पर आजम खाँ द्वारा आजमगढ़ नगर की स्थापना की गयी थी।
  - ⊙ 1915 में भारतीय कंपनी अधिनियम के तहत कलेक्ट्रेट कोर्ट में बार एसोसिएशन की स्थापना हुई थी।
- **क्षेत्रफल**–4054 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति**- **अक्षांश** 25 38' से 26 27' उत्तरी
  **देशान्तर** 82 40' से 83 52' पूर्वी

- **अवस्थित**- तमसा नदी के तट पर
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–मऊ
  - ⊙ पश्चिम में–जौनपुर, सुल्तानपुर
  - ⊙ उत्तर में–गोरखपुर, अंबेडकर नगर
  - ⊙ दक्षिण में–गाज़ीपुर, जौनपुर
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-233
- **नदियाँ/नहरें-** शारदा सहायक नहर, नहर घाघरा नदी, तमसा नदी
- **झीलें-** बड़ैलाताल, आंवक झील
- **ऊर्जा/परियोजना**- सोलर उर्जा परियोजना
- **उद्योग-** काली मिट्टी के बर्तन, चीनी उद्योग, रोलिंग, खाद्य तेल, रेशमी साड़ी, चावल मिल, जनरल इंजीनियरिंग।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** काली मिट्टी कलाकृति
- **भौगोलिक स्थिति (GI Tag)-** काली मिट्टी के बर्तन (यह कला मुगल काल की अहम कलाओं में से एक रही है।)

### आजमगढ़ का प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–2 (आजमगढ़, लालगंज)
- **विधानसभा क्षेत्र**–10 (फूलपुर-पवई, लालगंज, निज़ामाबाद, मेहनगर, आजमगढ़, गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, अतरौलिया, दीदारगंज)
- **तहसील**–8 (सदर/आजमगढ़, बुढ़नपुर, लालगंज, मार्टिनगंज, मेहनगर, निजामाबाद, फूलपुर, सगड़ी)
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–22 (अहिरौला, अतरौलिया, अजमतगढ़, बिलरियागंज, हरैया, जहानागंज, कोयलसा, लालगंज, महाराजगंज, मार्टिनगंज, मेहनगर, मिर्जापुर, मोहम्मदपुर, पल्हना, पल्हनी, पवई, फूलपुर, रानी की सराय, सठियाँव, तहबतपुर, तरवाँ, ठेकमा)
- **कुल ग्राम**–4.101 (**आबाद ग्राम**)- 3800
- **कुल ग्राम पंचायत**–1,872
- **नगर पालिका परिषद**–3 (आजमगढ़, मुबारकपुर, बिलरियागंज)
- **नगर पंचायत**–13 (निजामाबाद, मेहनगर, अजमतगढ़, जीयनपुर, कटघर लालगंज, सरायमीर, फूलपुर, अतरौलिया, महाराजगंज, माहुल, जहानागंज, बुढ़नपुर, मार्टिनगंज)

### आजमगढ़ की जनसंख्या (Population of Azamgarh)

- **जनसंख्या**–46,13,913
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–22,85,004
  - ⊙ महिला जनसंख्या–23,28,909
- **शहरी जनसंख्या**–3,93,401 (8.53%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–945
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–77,31%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–82.60%
    - ⊡ महिला साक्षरता–71.74%
- ग्रामीण जनसंख्या–42,20,512 (91.47%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–1026
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–70.33%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–81.22%
    - ⊡ महिला साक्षरता–59.93%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–2.31%
- **साक्षरता दर**–70.93%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–81.34%
  - ⊙ महिला साक्षरता–60.91%
- **जनसंख्या घनत्व**–1,138 प्रति वर्ग किमी.
- **लिंगानुपात**–1,019
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–17.11%
- **संस्थान-** राजकीय मेडिकल कॉलेज और सुपर फैसिलिटी अस्पताल (पी.जी.आई), राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, धनपट्टी धर्म डिग्री कॉलेज, शारदा भांति शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, आजमगढ़ महिला महाविद्यालय, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय (2021), हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय
- **उत्सव/मेला-**आजमगढ़ महोत्सव, बाबा गोविन्द साहब का मेला
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** चन्द्रमा ऋषि आश्रम, भंवर नाथ मंदिर, ऋषि दत्तात्रेय का मंदिर, माँ पल्हमेश्वरी देवी मंदिर, भैरव बाबा स्थल, दुर्वासा ऋषि आश्रम, बिरला बुद्ध मंदिर, अवन्तिकापुरी धाम
- **भाषा/बोली-**भोजपुरी बोली
- **अन्य-** आजमगढ़ अनेक ऋषियों की पुण्य भूमि रही है। राहुल सांकृत्यायन, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध', मौलाना शिबली नोमानी और कैफी आजमी जैसे महापुरुषों की जन्म स्थली रही है।
  - ⊙ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे राम नरेश यादव, चंद्रजीत यादव, अमर सिंह जैसे चर्चित राजनेता भी रहे। मशहूर हिन्दी अभिनेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता शबाना आजमी भी है।
  - ⊙ आजमगढ़ जनपद में 'चावल का सर्वाधिक क्षेत्रफल' पाया जाता है।

## विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. उत्तर प्रदेश का निम्न में से कौन-सा जिला काली मिट्टी के बर्तनों के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) वाराणसी (b) आजमगढ़
(c) बुलंदशहर (d) बाराबंकी

**UPSSSC Homeopathic Pharmacist 24/10/2019**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश का आजमगढ़ जिला काली मिट्टी के बर्तनों के लिए प्रसिद्ध है। इस जनपद को नवाब आजमशाह ने बसाया था, इसी कारण इसका नाम आजमगढ़ पड़ा। 15 नवंबर, 1994 ई. को चौदहवें मण्डल के रूप में 'आजमगढ़ मण्डल' का सृजन किया गया। आजमगढ़ जिले में 8 तहसील, 22 ब्लॉक, 11 विधानसभा तथा 2 लोक सभा सीटें हैं।

**2. ब्लैक पॉटरी के लिए 'जियोग्रॉफिकल इंडिकेशन टैग' उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से किस स्थान से संबंधित है?**

(a) नजीबाबाद (b) खुर्जा (c) निजामाबाद (d) कासगंज

**UPPSC RO/ARO Pre 2021**

**Ans. (c) :** निजामाबाद (आजमगढ़, उत्तर प्रदेश) को वर्ष 2015 में काली मिट्टी के बर्तनों अथवा ब्लैक पॉटरी के लिए जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग (Geographical Indication Tag) के लिए पंजीकृत किया गया था।
खुर्जा पॉटरी को हैंडीक्राफ्ट के रूप में भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication Tag) प्राप्त है। यह मान्यता (उस उत्पाद को) 10 वर्ष तक के लिए निर्धारित होती है।

# आजमगढ़ मंडल (संभाग)
## (Azamgarh Division)




### बलिया-जनपद

➢ **बलिया की स्थिति (Location of Ballia)**

- **मुख्यालय**–बलिया नगर
- **मंडल**–आजमगढ़
- **पूर्व नाम व उपनाम**–बागी बलिया नगर, बलिया
- **इतिहास स्थापना**–1 नवंबर, 1879 ई. (गाजीपुर जनपद से अलग कर) महर्षि वाल्मीकि की जन्म स्थली के कारण यह क्षेत्र बलिया कहलाया। यहीं पर चितू पाण्डे के द्वारा 'समानान्तर सरकार' का गठन किया गया था। मंगल पाण्डे की जन्मस्थली नगवाँ ग्राम (बलिया) में हुई थी। मान्यता है ब्रह्म जी के आदेश पर उनके पुत्र ऋषि भृगु इस भू-भाग पर आये। डॉ अम्बेडकर के अनुसार, जब सिद्धार्थ निर्वाण के खोज में निकले तो वह महर्षि भृगु के आश्रम में गये और वहाँ पर योग, ध्यान, यज्ञ, पूजा, कर्मकाण्ड का अभ्यास करना सीखा था। भृगु के पुत्र- शुक्राचार्य ने राजा बलि का त्रिलोक विजयी यज्ञ यहीं आरम्भ किया था। रामायण काल में विश्वामित्र जी के साथ राम-लक्ष्मण जी इस भू-भाग पर आये थे। बाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के 23वें अध्याय में भी इसका उल्लेख है। माता सीता द्वारा तमसा नदी के तट पर बाल्मीकि रचित ऋषि के आश्रम में निवास करने, लव-कुश के जन्म, लव-कुश द्वारा अयोध्या की सेना से युद्ध का साक्षी यही भूमि है। गुरुपूर्णिमा पर पूजनीय वेदव्यास जी की जन्मभूमि होने का गौरव भी इसी भूमि को प्राप्त है। पुष्यमित्र शुंग के शासन काल के पतन के पश्चात यह कोसल राज्य के अधीन था। मुस्लिम आक्रांताओं में सबसे पहले 1194 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक बलिया जिले की सरहद कुतुबगंज घाट पर आया था। 29 दिसम्बर, 1764 ई. को इस जिले के भू-भाग पर ईस्ट-इंडिया कम्पनी का अधिकार हो गय था। 5 मई, 1529 ई. को बलिया जिले के खरीद घाघरा नदी के किनारे बाबर और महमूद लोदी के मध्य युद्ध हुआ या जिसमें बाबर विजयी हुआ था। 1 नवम्बर, 1879 ई. में ब्रिटिश साम्राज्य के शासकों ने बलिया जिले की स्थापना किया था।
- **क्षेत्रफल**–2,981 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति- अक्षांश** 25 33' से 26° 11' उत्तर
  **देशान्तर** 83 38'- 84 39' पूर्व
- **अवस्थिति-** गंगा व घाघरा के मध्य स्थित प्रदेश का सबसे पूर्वी जिला है।
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–बिहार
  - ⊙ पश्चिम में–मऊ
  - ⊙ उत्तर में–देवरिया एवं बिहार
  - ⊙ दक्षिण में–गाजीपुर एवं बिहार
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-019, बलिया लिंक एक्सप्रेस वे, NH-31

- **नदियाँ/नहरें**–गंगा, घाघरा, टौंस नदी।
- **झीलें/तालाब-** पशुहारी ताल, सुहेल ताल, सुरहा ताल, बरनाल ताल। भोइया-मझौली ताल, घोषा ताल, तुलसी ताल, गाढ़ा ताल, हरदिया ताल, देवलास ताल, कपौड़ा ताल, पूरना ताल, सीवानकलां ताल।
- **ऊर्जा/परियोजनाएँ**–शारदा सहायक, दोहरी घाट सहायक नहर परियोजना।
- **उद्योग-** टिकुली, सिन्हौरा, हथकरघा, मिट्टी के बर्तन, डलिया, खाँची मौनी, साड़ी पर कढ़ाई, चीनी मिल, कपास बुनाई उद्योग।
- **अभयारण्य/पक्षी विहार-** सुरहा ताल (जयप्रकाश नारायण) पक्षी विहार 1991 से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** बिंदी (टिकुली)
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** बिंदी (टिकुली)

## बलिया की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**– बलिया
- **विधानसभा क्षेत्र**–7 (बलिया सदर, फेफना, रसड़ा, बेलथरा रोड, बांसडीह, सिकंदरपुर, बैरिया)
- **तहसील**–6 (बलिया सदर), बेल्थरा रोड, बॉसडीह, बैरिया, रसड़ा, सिकंदरपुर
- **विकासखंड (ब्लॉक)**–17 (बांसडीह, बेलहरी, बेरुआबारी, चिलकहर, दुबहड़, गड़वार, हनुमानगंज, मनियर, मुरली छपरा, नगरा, नवानगर, पंदह, रसड़ा, रेवती, सियर, सोहाव, बैरिया)
- **कुल ग्राम**– 2361 (आबाद ग्राम की संख्या-1843)
- **कुल ग्राम पंचायत**–949
- **नगर पालिका परिषद**–2 बलिया, रसड़ा
- **नगर पंचायत**–8 (चितबड़ागांव, बेल्थरा रोड, सहतवार, रेवती, मनियर, बाँसडीह, सिंकदरपुर, बेरिया)

## बलिया की जनसंख्या (Population of Ballia)

- **जनसंख्या**–32,39,774
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–16,72,902
  - ⊙ महिला जनसंख्या–15,66,872
- **शहरी जनसंख्या**–3,04,109 (9.39%)
  - ⊙ शहरी लिंगानुपात–914
  - ⊙ शहरी साक्षरता दर–77.58%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–84.13%
    - ⊡ महिला साक्षरता–70.43%
- ग्रामीण जनसंख्या–29,35,665 (90.61%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–939
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–70.24%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–81.21%
    - ⊡ महिला साक्षरता–58.64%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–1.62%
- **साक्षरता दर**–70.94%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–81.49%
  - ⊙ महिला साक्षरता–59.75%
- **जनसंख्या घनत्व**–1,087
- **लिंगानुपात**–937
- **जनसंख्या दशकीय वृद्धि दर**–17.36%
- **संस्थान-** जननायक चंद्रशेखर राज्य विश्वविद्यालय (2016)–बलिया, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बलिया, सनबीम स्कूल, कवलेश्वर राय महिला महाविद्यालय।
- **उत्सव/मेला-** ददरी (पशु मेला) मेला लगता है। (देश का दूसरा सबसे बड़ा पशु मेला)। यह मेला दो चरणों में आयोजित किया जाता है। इस मेले को महर्षि भृगु के शिष्य दर्दर मुनि के सम्मान में आयोजित किया जाता है।
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** खैराडीह, लखनेश्वरडीह, सुरहाताल, वृत्तिकूट आश्रम, भृगु आश्रम, देवीकुली धाम, परासर मुनि आश्रम, शहीद स्मारक, बालेश्वर शिव मन्दिर, असेगानाथ, ब्रह्मइन देवी मंदिर, वृत्तकूट आश्रम पकड़ी, जयप्रकाश नगर, शहीद भवानी, सोनाडीह भवानी, कापिलेश्वरी, जंगली बाबा का मंदिर, बालकदास बाबा की कुटी, सुदिष्ट बाबा का मंदिर, डूहाँ बिहरा (मौन बाबा), शहीद पार्कचौक, बैरिया शहीद स्मारक, सुरनापुर, शहीद स्थल, शहीद मंगलपांडें।
- **भाषा/बोली-**भोजपुरी बोली
- **अन्य-** यहीं पर 1 मई, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के प्रथम चरण की शुरूआत हुई थी, गोंड, खरवार जनजाति पायी जाती है, महर्षि वाल्मीकि जी का जन्मस्थल।
- मंगल पांडे।
- चितू पांडे।
- चन्द्रशेखर (भारत के प्रधानमंत्री)
- जनेश्वर मिश्र।
- जयप्रकाश नारायण।
- हजारी प्रसाद द्विवेदी
- केदारनाथ सिंह

⊙ **जलवायुः-** जिले की जलवायु मानसूनी है। औसत वार्षिक तापमान 25.11 सेंटीग्रेट है। जिले का अधिकतम तापमान 45.50ºC तथा न्यूनतम 4.20ºC रहता है। वार्षिक औसत वर्षा 49.70 मी.मी. है।

⊙ घाघरा नदी का संगम गंगा में 'सिताब दियरा' नामक स्थान पर होती है।

# विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से किसे 'शेर-ए-बलिया' के नाम से जाना जाता था?**

(a) भगत सिंह (b) चन्द्रशेखर आजाद
(c) चितू पांडे (d) मंगल पांडे

**Lower Exam – 30-09-2019 (Shift-I)**

**Ans : (c)** चितू पांड, भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्हें 'शेर-ए' बलिया' के नाम जाना जाता है। उन्होंने वर्ष 1942 में बलिया में भारत छोड़ो आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 19 अगस्त, 1942 ई. को बलिया में स्थापित अस्थायी सरकार का नेतृत्व किया था।

2. **सुरहा ताल एक ........... झील है।**

(a) कृत्रिम (b) चाप

(c) विवर्तनिक (d) ज्वालामुखीय

**Allahabad High Court ARO 20-12-2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** सुरहा ताल भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के बलिया जिले में स्थित एक प्राकृतिक गोखुर झील है, जो गंगा नदी द्वारा निर्मित है। इसका क्षेत्रफल 34.32 वर्ग किमी. है और यह जिले के मुख्यालय बलिया से 17 किमी. दूर है। सन् 1991 में इसे ''सुरहा ताल पक्षी विहार'' के नाम से एक पक्षी अभयारण्य घोषित कर दिया गया।

3. **सुरहा ताल पक्षी विहार अवस्थित है:**

(a) आजमगढ़ में

(b) हरदोई में

(c) प्रतापगढ़ में

(d) बलिया में

**UPPSC Health Inspector 2013**

**Ans. (d)** सुरहाताल पक्षी विहार उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित है। सुरहाताल या सुरहा गंगा और सरयू के दोआब में स्थित एक गोखुर झील है, जो गंगा नदी द्वारा निर्मित है। यह ताल प्रवासी पक्षियों के लिये प्रसिद्ध है। सुरहाताल पक्षी विहार की स्थापना वर्ष 1991 में हुई यह 34.13 वर्ग किमी. के क्षेत्रफल में फैला हुआ है।

4. **उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर स्थित है?**

(a) बस्ती (b) बुलंदशहर

(c) बांदा (d) बलिया

**Lower Exam – 01-10-2019 (Shift-II)**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश का बलिया जिला बिहार की सीमा पर स्थित है। उत्तर प्रदेश की सीमा देश के 9 (8 राज्य + 1 केन्द्रशासित प्रदेश) राज्यों के साथ लगती है, जो निम्न हैं–राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा तथा केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली हैं। जिसमें बिहार राज्य की सीमा उत्तर प्रदेश के 7 जिलों से लगती है। जो दक्षिण से उत्तर क्रमशः सोनभद्र, चन्दौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर और महाराजगंज हैं। उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी जिला बलिया तथा सबसे पश्चिमी जिला शामली है।

5. **उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी शहर निम्नलिखित में से कौन है?**

(a) बलिया

(b) आजमगढ़

(c) बाराबंकी

(d) बस्ती

**UPPSC RO/ARO (PRE), 2017**

**Allahabad High Court ARO 16-12-2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

# आजमगढ़ मंडल (संभाग)

## (Azamgarh Division)



# मऊ-जनपद

➢ **मऊ की स्थिति (Location of Mau)**

- **मुख्यालय**–मऊ
- **मंडल**–आजमगढ़
- **पूर्व नाम व उपनाम**–मऊनाथ भंजन, ताना-बाना की नगरी
- **इतिहास-स्थापना**– मऊ, आजमगढ़ मण्डल का हिस्सा है इसे 19 नवम्बर, 1988 ई. को आजमगढ़ से अलग करके नये जिले का रुप दिया गया था। रामायण एवं महाभारत काल में भी मऊभंजन का जिक्र मिलता है। कहा जाता है कि त्रेतायुग में महाराज दशरथ के शासनकाल में इस स्थान पर ऋषियों की तपोभूमि थी। मऊ शहर (मऊ नाथ भंजन) की स्थापना मुगल शासन के दौरान 1629 ई. में शाहजहाँ की पुत्री जहाँआरा ने की थी। यहाँ बाबा सरयूदास का अनाथ आश्रम है। मऊ का ज्ञात अभिलेखीय इतिहास लगभग 1500 वर्ष पुराना है। 11वीं सदी में मऊ के क्षेत्रों में नटों का शासन था। मऊ के आस-पास का क्षेत्र घने जंगलों से घिरा था। यहाँ पर जंगली व आदिवासी जातियाँ निवास करती थीं।
- **क्षेत्रफल**–1,713 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति**- **अक्षांश** 24º 47' से 26º 17' उत्तरी
  **देशान्तर** 83º 17' से 84º 52' पूर्वी
- **अवस्थित**- तमसा (टोंस) नदी के तट पर
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–बलिया
  - ⊙ पश्चिम में–आजमगढ़
  - ⊙ उत्तर में–देवरिया एवं गोरखपुर
  - ⊙ दक्षिण में–गाजीपुर
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-029
- **नदियाँ/नहरें**-सरयू (घाघरा), तमसा (टोस नदी)
- **झीलें**- महल पोखरा
- **ऊर्जा/परियोजना**-शारदा सहायक
- **उद्योग**- हथकरघा, पॉवर लूम
- **अभयारण्य/पक्षी विहार**- उपलब्ध नहीं है।
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)**- वस्त्र उत्पाद
- **भौगोलिक स्थिति (GI Tag)**- मऊ साड़ी

## मऊ की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–1 (घोसी)
- **विधानसभा क्षेत्र**–4 (मधुबन, मऊ, मुहम्मदाबाद गोहना, घोसी)
- **तहसील**–4 (मधुबन, मऊ, मुहम्मदाबाद गोहना, घोसी)
- **विकास खण्डों की संख्या**- 09 (परदहा, कोपागंज, घोसी, दोहरीघाट, बड़रांव, फतेहपुर मन्डाव, रतनपुरा, मोहम्मदाबाद गोहना, रानीपुर)
- **कुल ग्राम**–1,691 (**आबाद ग्राम**-1499)
- **कुल ग्राम पंचायत**–684
- **नगर पालिका परिषद**–1 (मऊ)
- **नगर पंचायत**–10 (अदरी, अमिला, कोपागंज, मुहम्मदाबाद गोहना, घोसी, दोहरी घाट, वालिदपुर, चिरैयाकोट, मधुबन), कुर्थिजफरपुर

➢ **मऊ की जनसंख्या (Population of Mau)**

- **जनसंख्या**–22,05,968
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–11,14,709
  - ⊙ महिला जनसंख्या–10,91,259
- **शहरी जनसंख्या**–4,99,208 (22.63%)
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–82.90%
  - ⊙ महिला साक्षरता–71.84%
- ग्रामीण जनसंख्या–17,06,760 (77.37%)
  - ⊙ ग्रामीण लिंगानुपात–987
  - ⊙ ग्रामीण साक्षरता दर–71.80%
    - ⊡ पुरुष साक्षरता–82.32%
    - ⊡ महिला साक्षरता–61.29%
- उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–1.10%
- **साक्षरता दर**–73.1%
  - ⊙ पुरुष साक्षरता–82.45%
  - ⊙ महिला साक्षरता दर–63.63%
- **जनसंख्या घनत्व**– 1288
- **लिंगानुपात**–979
- **जनसंख्या वृद्धि दर**– 18.8%
- **संस्थान**- भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, नवचेतना ग्रामीण विकास कल्याण संस्थान, रामकृष्ण मिशन शिक्षा मंदिर, अलिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य बालिका इन्टर कॉलेज, कृषक इन्टर कॉलेज, राजकीय गर्ल्स इन्टर कॉलेज,
- **उत्सव/मेला**- देवमास मेला (कार्तिक मास के शुल्क पक्ष के समय)
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल**- शीतला माता, मुक्तिधाम दोहरीघाट, वनदेवी मंदिर, फंटासिया वाटर पार्क,
- **भाषा/बोली**-भोजपुरी बोली

# प्रयागराज मंडल (संभाग)
# (Prayagraj Division)

**प्रयागराज मण्डल – 4 जनपद**

प्रयागराज
प्रतापगढ़
फतेहपुर
कौशाम्बी






## प्रयागराज-जनपद

- **मुख्यालय**– प्रयागराज
- **मंडल**– प्रयागराज (प्रयागराज मंडल का प्रदेश में ऐतिहासिक एवं पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। यह मंडल काशी, अयोध्या तथा तीर्थराज प्रयाग के त्रिकोण का पुरातन केन्द्र है।)
- **पूर्व नाम व उपनाम**–संगम नगरी, कुंभ नगरी, तीर्थराज, इलाहाबाद, अमरूद नगरी, ईश्वर का निवास स्थान।
- **इतिहास- स्थापना-** गंगा, युमना एवं अदृश्य सरस्वती (त्रिवेणी) नदियों के संगम तट पर तीर्थ राज प्रयागराज प्रदेश की न्यायिक राजधानी है। इस जनपद में महाकुंभ व कुंभ के अतिरिक्त माघ मेला का आयोजन होता है। वर्ष 1575 में मुगल सम्राट अकबर ने प्रयाग का नया नाम इलाहाबाद (अल्लाह का शहर) रखा। जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2018 में परिवर्तित कर पुनः प्रयागराज कर दिया।

ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, सम्राट हर्षवर्धन प्रयागराज में प्रत्येक 6वें वर्ष महामोक्ष परिषद का आयोजन करता था तथा राजधानी से लाये समस्त धन को दान कर देता था। पौराणिक मान्यता के अनुसार, सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद सृष्टिकर्ता ब्रह्म ने प्रथम यज्ञ किया था। इसी प्रथम यज्ञ के प्र और याग को मिलाकर प्रयाग बना और इस क्षेत्र का नाम प्रयाग पड़ गया। इस नगरी के अधिष्ठाता भगवान विष्णु स्वयं है। यहाँ भगवान कें 12 स्वरूप विद्यमान हैं। जिन्हें द्वादश माधव कहा जाता है।

यह क्षेत्र ऋषि भारद्वाज, ऋषि दुर्वासा तथा ऋषि पन्ना की ज्ञानस्थली है। इस जनपद का वर्तमान झूसी क्षेत्र में चंद्रवंशी राजा पुरूर्वा का राज्य था।

वर्ष 1801 में अवध के नवाब ने इस क्षेत्र को ब्रिटिश कम्पनी को सौंप दिया था। जिसे सैन्य क्षेत्रों के लिये ब्रिटिश ने इस्तेमाल किया था।

1858 में पूर्णरूप से अंग्रेजों सरकार के अधीन आ जाने के पश्चात इस क्षेत्र का नाम 'इलाहाबाद' रखा गया था।

- **क्षेत्रफल**– 5,482 वर्ग किमी.
- **भौगोलिक स्थिति- अक्षांश** 25 27' से 25 50' उत्तर
  **देशान्तर** 81 50' से 81 84' पूर्व
- **अवस्थिति-** गंगा और युमना के संगम पर बसा हुआ है।
- **सीमा रेखा**
  - ⊙ पूर्व में–संत रविदासनगर (भदोही) एवं मिर्जापुर
  - ⊙ पश्चिम में– कौशाम्बी एवं चित्रकूट
  - ⊙ उत्तर में– प्रतापगढ़
  - ⊙ दक्षिण में– रीवा (मध्य प्रदेश)
- **राष्ट्रीय राजमार्ग**–NH-76E, NH-24B, NH-096, NH-076, NH-027, NH-02
- **नदियाँ/नहरें**–गंगा, यमुना, सरस्वती (लुप्त)
- **झीलें-** लावायंकला
- **ऊर्जा/परियोजना**–निचली गंगा नहर, शारदा नहर, रिहंद नदी घाटी परियोजना, बेलन टोंस नहर, मेजा जलाशय
- **उद्योग-** मूँज उद्योग, गैस सिलिंडर एवं कंप्रेसर, उर्वरक कारखाना (फूलपुर), त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, भारत पंप एवं कंप्रेसर्स लिमिटेड, वैद्यनाथ आयुर्वेदिक औषधिफार्म, आई.टी.आई, सिलिका सैण्ड कारखाना, दुग्ध सहकारी समिति (प्रदेश में प्रथम) एवं नैनी एयरो स्पेस लिमिटेड
- **अभयारण्य/पक्षी विहार-** चाँद खमरिया ब्लैक वक कंजर्वेशन रिजर्व
- **एक जिला एक उत्पाद (ODOP)-** मूँज व कास उत्पाद
- **भौगोलिक संकेतक (GI Tag)-** इलाहाबादी अमरूद

## प्रयागराज ( इलाहाबाद ) की प्रशासनिक परिचय

- **लोकसभा सीट**–2 (प्रयागराज, फूलपुर)
- **विधानसभा क्षेत्र**–12 (बारा, करछना, सोरांव, प्रयागराज दक्षिण, मेजा, फूलपुर, प्रतापपुर, कोरांव, फाफामऊ, प्रयागराज पश्चिम, इलाहाबाद उत्तर, हंडिया)
- **तहसील**– 08 (करछना, कोरांव, फूलपुर, बारा, मेजा, सदर प्रयागराज, सोरांव, हण्डिया)
- **विकासखंड ( ब्लॉक )**– 23 (कौड़िहार, होलागढ़, मऊआइमा, सोरांव, बहरिया, फूलपुर, बहादुरपुर, प्रतापपुर, सैदाबाद, धनुपुर, हंडिया, जसरा, शंकरगढ़, चाका, करछना, कौंधियारा, उरूवा, मेजा, कोरांव, माण्डा, सहसों, शृंग्वेरपुर धाम, भगवतपुर)
- **कुल ग्राम**–3178 (**आबाद ग्रामों की सख्या**- 2809)
- **कुल ग्राम पंचायत**–1637
- **नगर निगम**–1 (प्रयागराज)
- **नगर पंचायत**–8 (सिरसा, लाल गोपालगंज, फूलपुर, शंकरगढ़, कोरांव, हंडिया, भारतगंज, मऊआइमा)।

## ➢ प्रयागराज की जनसंख्या

- **जनसंख्या**–59,54,391
  - ⊙ पुरुष जनसंख्या–31,31,807
  - ⊙ महिला जनसंख्या–28,22,584
- **शहरी जनसंख्या**–14,72,873 (24.74%)
  - ⊙ **शहरी लिंगानुपात–**862
  - ⊙ **शहरी साक्षरता दर–**82.51%
    - ⊡ **पुरुष साक्षरता–**86.96%
    - ⊡ **महिला साक्षरता–**77.34%
- **ग्रामीण जनसंख्या–**44,81,518 (75.26%)
  - ⊙ **ग्रामीण लिंगानुपात–**914
  - ⊙ **ग्रामीण साक्षरता दर–**68.76%
    - ⊡ **पुरुष साक्षरता–**80.97%
    - ⊡ **महिला साक्षरता–**55.46%
- **उत्तर प्रदेश के कुल जनसंख्या का भाग–**2.98%
- **साक्षरता दर**–72.32%
- **जनसंख्या घनत्व**–1,086
- **लिंगानुपात**–901
- **जनसंख्या वृद्धि दर**–20.63%
- **संस्थान-** वर्ष 1887 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय (प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय) की स्थापना, प्रो. राजेन्द्र (रज्जू भईया) राज्य विश्वविद्यलय (2016), राज्य विश्वविद्यालय, जगत तारन महिला विद्यालय, ई.सी.सी. पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (1999), डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (2024), नेहरु ग्राम भारतीय डीम्ड विश्वविद्यालय (2008), युनाइटेड (निजी)विश्वविद्यालय (2021), मोतीलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNNIT), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT), जी.बी. पंत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान (झूसी), नॉदर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, हरिशचन्द्र अनुसंधान संस्थान, मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ मैथ एंड फिजिक्स, शीलाघर मृदा संस्थान, केन्द्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान एवं अमरूद अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क, सोलर सिटी सूचना प्रौद्योगिकी पार्क (प्रस्तावित), इको नालेज पार्क (खुसरोबाग), नेहरु पार्क, हाथी पार्क, अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेल गाँव, राजकीय मुद्रणालय, उ.प्र. लोक सेवा आयोग, सरस्वती हाइटेक सिटी, उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय, जवाहर तारामंडल एवं केन्द्रीय रेल विद्युतिकरण संगठन का मुख्यालय।

- **उत्सव/मेला-** त्रिवेणी महोत्सव, माघमेला शिल्प मेला, महाकुम्भ मेला, गंगा महोत्सव।
- **दर्शनीय एवं धार्मिक स्थल-** कुंभ मेला और संगम, भारद्वाज आश्रम, पातालपुरी मंदिर, प्रयागराज किला, अक्षयवट, शिवकुटी, शृंगवेरपुरधाम, प्रतिष्ठानपुरी, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, सरस्वती, कूप, अलोपशंकरी शक्तिपीठ मंदिर, बेनी माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर, शंकर विमान मण्डपम्, दुर्वासा ऋषि आश्रम, ललिता देवी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर आदि।
- **प्रसिद्ध स्थल–** नवीन यमुना सेतु, खुसरोबाग, आनंद भवन, रानी महल, मिन्टो पार्क, जवाहर प्लेनिटोरियम, अशोक स्तम्भ, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, भारद्वाज पार्क।
- **भाषा/बोली-**बघेली, अवधी बोली
- **अन्य-** वर्ष 1866 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना।

हिन्दु मान्यता के अनुसार, यहाँ सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया था।

पं. जवाहर लाल नेहरु , इंदिरा गाँधी, वी.पी. सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) पुरुषोत्तम दास टंडन, हरिवंश राय बच्चन, मोतीलाल नेहरु, पं. मदन मोहन मालवीय, रामानंदा चार्य जी महाराज, मेजर ध्यान चंद्र (हॉकी के जादूगर)

जनपद में प्रदेश का प्रथम ऊर्जा शिक्षा पार्क स्थापना प्रस्तावित है।

जनपद में 'ह्वाइट टाइगर सफारी' की स्थापना की घोषणा है।

2017 में स्थापित प्रदेश का सबसे बड़ा बिहार चांद खमहरिया कृष्ण मृग आरक्षित वन क्षेत्र, मेजा (126.12 वर्ग किमी.) स्थापित है।

**साहित्य केन्द्र -** राज्य पाण्डुलिपी पुस्तकालय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन (1910), हिन्दुस्तानी अकादमी (1927), इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयाग संगीत समिति, भारती भवन पुस्तकालय, निराला आर्ट गैलरी एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र

## विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न

**1. Shankargarh area in Uttar Pradesh is renowned for its high-quality deposits of:**
**उत्तर प्रदेश में शंकरगढ़ क्षेत्र अपने किन उच्च गुणवत्ता वाले निक्षेपों के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) Silica sand/सिलिका रेत
(b) Rock phosphate/रॉक फॉस्फेट
(c) Iron ore/लौह अयस्क
(d) Coal/कोयला
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC X-Ray Technician 2023 (15/12/2024)***

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश में शंकरगढ़ क्षेत्र (प्रयागराज) अपने सिलिका रेत की उच्च गुणवता वाले निक्षेपों के लिए प्रसिद्ध है।

**2. Maha Kumbh 2025 will take place at Prayagraj from:**
**प्रयागराज में महाकुंभ 2025 कब आयोजित किया जाएगा?**

(a) 13 January, 2025 to 26 February, 2025
13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025
(b) 15 January, 2025 to 28 February, 2025
15 जनवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025
(c) 15 January, 2025 to 26 February, 2025
15 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025
(d) 13 January, 2025 to 28 February, 2025
13 जनवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC X-Ray Technician 2023 (15/12/2024)***

**Ans. (a) :** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक किया जाएगा।

**3. Who was the last British person to become the chief justice of Allahabad High Court?**
**इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने वाले अंतिम ब्रिटिश व्यक्ति कौन थे?**

(a) Sir Edward Mears/सर एडवर्ड मीयर्स
(b) Sir Henry Richards/सर हेनरी रिचर्ड्स
(c) Sir Robert Stuart/सर रॉबर्ट स्टुअर्ट
(d) Sir Walter Morgan/सर वाल्टर मॉर्गन
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Jr. Analyst Drugs 2024 (02/02/2025)***

**Ans. (e) :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने वाले अंतिम ब्रिटिश व्यक्ति सर जॉन गिब थाम थे। इस प्रकार विकल्प (e) सही है। इस उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश सर वाल्टर मॉर्गन थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना वर्ष 1866 में हुई थी, वर्तमान में इस न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 160 है।

**4. The Allahabad High Court has made some very important landmark Judgements one of which is:**
**इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कुछ बहुत ही महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक फैसले दिए हैं, जिसमें से एक है:**

(a) Bilk is Bano Case/बिलकिस बानों केस
(b) Tarakeshwar Affair/तारकेश्वर केस
(c) Aadhaar case/आधार केस
(d) Kesavananda Bharati case/केशवानंद भारती केस
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Jr. Analyst Drugs 2024 (02/02/2025)***

**Ans. (e) :** उपर्युक्त दिये गए प्रश्न के विकल्प के किसी भी मुकदमें का फैसला इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नहीं दिया है। इस प्रकार विकल्प (e) सही है।

**5. Rccctly, the Indian Railways organised a "Paint My City" campaign in which city of Uttar Pradesh?**
**हाल ही में, भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश के किस शहर में ''पेंट माई सिटी'' अभियान का आयोजन किया?**

(a) Ayodhya/अयोध्या

(b) Gorakhpur/गोरखपुर
(c) Varanasi/वाराणसी
(d) Prayagraj/प्रयागराज
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Homeopathic Pharmacist 2024 (02/02/2025)***

**Ans. (d) :** हाल ही में भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में ''पेंट माई सिटी'' अभियान का आयोजन किया था। इसका उद्देश्य शहर की सुंदरता को बढ़ावा देना और भारतीय संस्कृति को दीवारों पर उकेरकर प्रदर्शित करना था। इस अभियान के तहत, प्रयागराज की दीवारों पर स्थानीय कला और संस्कृति को दर्शाने वाले चित्र बनाए गए है जो शहर को और अधिक आकर्षित बनाते है।

**6. The Uttar Pradesh Rajarshi Tandon open University primarily focused on distance education is located in which city?**
**मुख्य रूप से दूरस्थ शिक्षा पर केंद्रित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय किस शहर में स्थित है?**
(a) Kanpur/कानपुर
(b) Varanasi/वाराणसी
(c) Prayagraj/प्रयागराज
(d) Agra/आगरा
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

***UPSSSC Jr. Analyst Food 2024 (16/02/2025)***

**Ans. (c) :** मुख्य रूप से दूरस्थ शिक्षा पर केन्द्रित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, अधिनियम 1999 के तहत किया गया।

**7. उत्तर प्रदेश में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, जहाँ स्थापित किया गया है, वह जगह है -**
(a) प्रयागराज (b) कानपुर
(c) बरेली (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**UPPCS Spl, (Pre) G.S. 2008**

**Ans. (a) :** आर्थिक और औद्योगिक विकास में तकनीकी शिक्षा की मूलभूत आवश्यकता को देखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार प्राविधिक शिक्षा विभाग में उच्च स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सतत् प्रयासशील है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना प्रयागराज में की गई है।

**8. निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश के किस शहर में भारत के राष्ट्रपति द्वारा सितम्बर 2021 में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय की नींव रखी गई है?**
(a) अलीगढ़ (b) अयोध्या (c) मथुरा (d) प्रयागराज

**Allahabad High Court CA/RGC 18-12-2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में भारत के राष्ट्रपति द्वारा सितम्बर 2021 में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय की नींव रखी गयी है।

**9. निम्न में से किस शहर में कुंभ मेला लगता है?**
(a) वाराणसी (b) इलाहाबाद
(c) मथुरा (d) अयोध्या

**विधान भवन रक्षक - 02-12-2018 (shift- II)**
**Allahabad High Court Group-D 20-01-2019**

**Ans. (b) :** इलाहाबाद (प्रयागराज) में कुंभ मेला लगता है। यहाँ गंगा, यमुना तथा अदृश्य सरस्वती नदी का त्रिवेणी संगम है। प्रयागराज के अलावा अन्य 3 स्थानों हरिद्वार, उज्जैन तथा नासिक में भी कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

**10. प्रसिद्ध बाँसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया का जन्म कहाँ हुआ था–**
(a) हज़रतगंज-लखनऊ (b) पार्क स्ट्रीट-कोलकाता
(c) लोकनाथ-इलाहाबाद (d) लोखंडवाला

**चकबन्दी लेखपाल - 08-11-2015 (Morning)**

**Ans: (c)** प्रसिद्ध बाँसुरी वादक हरि प्रसाद चौरसिया का जन्म 1 जुलाई, 1938 ई. को लोकनाथ, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था।

**11. आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत, जिन्हें अब उत्तर प्रदेश के नाम से जाना जाता है, ने वर्ष 1921 में अपनी राजधानी को ............. से लखनऊ में स्थानांतरित किया था।**
(a) आगरा (b) देहरादून
(c) इलाहाबाद (d) कानपुर

**UPP Constable, 26.10.218 (Shift-2)**

**Ans : (c)** आगरा एवं अवध के संयुक्त प्रांत जिन्हें अब उत्तर प्रदेश के नाम से जाना जाता है, की राजधानी को वर्ष 1921 में इलाहाबाद (प्रयागराज) से लखनऊ स्थानांतरित की गई थी। वर्तमान समय में लखनऊ उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक व विधायी राजधानी तथा इलाहाबाद न्यायिक राजधानी के नाम से जानी जाती है। उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय इलाहाबाद (प्रयागराज) में स्थित है, जिसकी एक खण्डपीठ लखनऊ में है।

**12. उत्तर प्रदेश के किस नगर में सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन हुआ था?**
(a) कानपुर (b) वाराणसी
(c) लखनऊ (d) इलाहाबाद

**UPPSC Mines Inspector-2022**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का सर्वप्रथम अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित हुआ था। यह कांग्रेस का चौथा अधिवेशन था जो वर्ष 1888 में सम्पन्न हुआ इसके अध्यक्ष जार्ज यूले थे। वर्ष 1892 तथा 1910 में भी कांग्रेस का अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित हुआ था। उल्लेखनीय है कि बनारस में 1905 तथा लखनऊ में 1899, 1916 तथा 1936 में तथा कानपुर में 1925 में अधिवेशन आयोजित हुआ।

**13. 1583 ई. में प्रयाग का नाम परिवर्तित कर इलाहाबाद ________ ने किया ।**
(a) अकबर (b) जहांगीर (c) शाहजहां (d) हुमायूं

**Allahabad High Court APS 23-12-2021 Shift-I**

**Ans (a) :** 1575 ई. में मुगल बादशाह अकबर ने प्रयाग का नाम परिवर्तित कर इलाहाबाद कर दिया था। 2018 में उ.प्र. सरकार ने इलाहाबाद का नाम बदलकर पुनः प्रयागराज कर दिया।

**14. इलाहाबाद में 1857 में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?**
(a) रानी लक्ष्मी बाई (b) लियाकत अली
(c) कुँवर सिंह (d) नाना साहिब

**Allahabad High Court Group-D 23-07-2017**

**Ans : (b)**

| केन्द्र | नेतृत्व |
|---|---|
| झांसी | रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे |
| इलाहाबाद | लियाकत अली |
| जगदीशपुर | कुँवर सिंह |
| कानपुर | नाना साहेब, तात्या टोपे |

**15. उत्तर प्रदेश का पहला ट्रैफिक पार्क किस जिले में खोला गया?**

(a) प्रयागराज (b) अमेठी
(c) गोरखपुर (d) अयोध्या

**UP Police Const. Re-exam 30/08/2024 Shift-I**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में धोबीघाट चौराहे के निकट राज्य का पहला यातायात पार्क खोला गया। इसका निर्माण प्रयागराज विकास प्रधिकरण की ओर से किया गया है। इस पार्क में सभी उम्र के लोगों को यातायात के नियमों का पालन करना सिखाया जाएगा।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज इलाहाबाद जिले की करछना तहसील में पाया जाता है?**

(a) ग्लास-रेत (b) संगमरमर
(c) बॉक्साइट (d) यूरेनियम

**Allahabad High Court ARO 18-12-2016**

**Ans : (a)**

| खनिज | | सम्बन्धित क्षेत्र |
|---|---|---|
| ग्लास रेत | - | करछना (इलाहाबाद) |
| संगमरमर | - | मिर्जापुर एवं सोनभद्र |
| यूरेनियम | - | ललितपुर |
| बाक्साइट | - | बांदा, चन्दौली |

**17. उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सा शहर निर्यात-विकास केन्द्र नहीं है?**

(a) आगरा (b) प्रयागराज
(c) खुर्जा (d) मेरठ

**UPPSC RO/ARO (PRE), 2017**

**Ans. (b) :** प्रश्नगत विकल्पों में प्रयागराज के अतिरिक्त शेष तीनों निर्यात विकास केन्द्र हैं, जिनसे निर्यात होने वाली वस्तुओं का विवरण निम्नवत है- आगरा- सिल्क कारपेट, हस्तशिल्प सामान, संगमरमर उत्पाद, बैग आदि, खुर्जा- पॉटरी, सेरामिक टाइल्स आदि तथा मेरठ- टेक्सटाइल्स, ,खेल का सामान, स्वर्ण आभूषण आदि।

**18. यू.पी. में भारतीय टेलीफोन इंडस्ट्री लिमिटेड की विनिर्माण सुसाध्यता कहाँ अवस्थित है?**

(a) कानपुर और गोरखपुर
(b) नैनी (प्रयागराज) और रायबरेली
(c) लखनऊ और वाराणसी
(d) आगरा और अलीगढ़

**Allahabad High Court RO 11--12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश राज्य के नैनी (प्रयागराज) व रायबरेली में भारतीय टेलीफोन इंडस्ट्री लिमिटेड (ITIL) की विनिर्माण सुसाध्यता अवस्थित है।

**19. प्रयागराज स्थित एल्फ्रेड पार्क का पुनः नामकरण किया गया –**

(a) भगत सिंह के नाम पर (b) चन्द्रशेखर आजाद के नाम पर
(c) सुभाषचन्द्र बोस के नाम पर (d) मोतीलाल नेहरू के नाम पर

**UPPCS (Mains) GS I$^{st}$ 2015**

**Ans. (b) :** प्रयागराज में स्थित अल्फ्रेड पार्क का पुनः नामकरण शहीद चंद्रशेखर आजाद के नाम पर किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी पार्क में चन्द्रशेखर आजाद पुलिस मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए थे।

**20. प्रयागराज किस फल के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) आम (b) चीकू
(c) अमरूद (d) नाशपाती

**Allahabad High Court RO 12--12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** प्रयागराज अमरूद के फल के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के अमरूद की बनावट सेब जैसी होती है, जिसके चलते इसे सेबिया अमरूद भी कहते हैं। प्रयागराज का सुर्खा अमरूद पूरी दुनिया में काफी मशहूर है।

**21. राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश की स्थापना निम्नलिखित में से किस जिले में की गई थी?**

(a) इलाहाबाद (प्रयागराज) (b) वाराणसी
(c) मेरठ (d) लखीमपुर

**UP Police Contable (M/F) 18/02/2024 Shift-I (Cancelled)**

**Ans. (a) :** राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश की स्थापना सन् 1831 में इलाहाबाद (प्रयागराज) जिले में की गई थी। राजस्व बोर्ड राज्य में उत्तम राजस्व न्यायपालिका था जिसमें आकस्मिक कार्यकारी कार्यों के लिए आयुक्तों और कलेक्टरों पर नियंत्रण की आवश्यकता होती थी। राजस्व बोर्ड के कार्य -

किराया, राजस्व का संग्रहण और संग्रहण कर्मचारियों पर नियंत्रण
राजस्व कानूनों का प्रशासन
स्टाम्प, उत्पादन शुल्क, अफीम और आयकर से संबंधित कानूनों का प्रशासन।
राजस्व कानूनों के संबंध में न्यायिक कार्य।
निपटान संचालन।

**22. उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र' निम्नलिखित में से किस स्थान पर अवस्थित है?**

(a) लखनऊ (b) वाराणसी (c) प्रयागराज (d) मिर्जापुर

**UPPSC ACF 2017**
**UPPSC RO/ARO Pre 2017**
**UPPSC ACF/RFO Mains Ist Paper 2019**
**UPPCS (mains) Paper-I GS, 2015**

**Ans. (c) :** उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्थित है। अन्य सांस्कृतिक क्षेत्र निम्नलिखित हैंः–

| | | |
|---|---|---|
| – उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | – | पटियाला - (पंजाब) |
| – पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | – | शांतिनिकेतन-(कोलकाता) |
| – दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | – | तंजावुर - (तमिलनाडु) |
| – पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | – | उदयपुर- (राजस्थान) |
| – उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | – | दीमापुर- (नागालैण्ड) |
| – दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र | – | नागपुर- (महाराष्ट्र) |